राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 271
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 25 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेटर नोएडा में नि:शुल्क लाइब्रेरी का भव्य शुभारम्भ
पेज 4 गंगा में समाए 3 मकान, नाव पलटी, 4 बहे
पेज 6 धोनी ने 2007 के बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास यों बंद किया

## संक्षिप्त खबरें

### जर्मनी के साथ मिलकर छह पनडुब्बियां बनाएगा भारत

**नई दिल्ली।** छह महीने से अधिक समय तक अटके रहने के बाद केंद्र ने रक्षा मंत्रालय और मझगांव डाकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) को छह पनडुब्बियों की खरीद के सौदे पर जर्मन सहयोगी से बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत जर्मनी की मदद से इन पनडुब्बियों का भारत में ही निर्माण किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने जनवरी में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए मझगांव डाकयार्ड को जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रूप मरीन सिस्टम्स के साझेदार के रूप में चुना था। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि केंद्र ने रक्षा मंत्रालय और एमडीएल को इस परियोजना के लिए बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है।


### पंचतत्व में विलीन हुए अयोध्या के 'राजा' विमलेंद्र मोहन

**अयोध्या।** अयोध्या के राजा कहे जाने वाले विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र (पप्पू भैया) का निधन हो गया। वह 71 साल के थे। बीपी के पेशेंट थे। शनिवार रात 12 बजे उन्होंने अयोध्या स्थित राज सदन आवास पर अंतिम सांस ली। विमलेंद्र मोहन श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य थे। विमलेंद्र मोहन, अयोध्या की राजा दर्शन सिंह वंशावली से जुड़े हुए थे। विमलेंद्र की माता का नाम विमला देवी और पिता का नाम डॉक्टर रमेंद्र मोहन मिश्र था। अयोध्या की महारानी विमला देवी के दो बेटे हुए, विमलेंद्र और शैलेंद्र।



## हैप्पी मॉर्निंग


पड़ोसन- बहन, नया हार तो बहुत अच्छा है, कितने का पड़ा?
दूसरी महिला- ज्यादा नहीं, दो दिन की लड़ाई, एक दिन की भूख हड़ताल 2 दिन का मौन व्रत और बस थोड़ा रोना धोना
पड़ोसन भी अपने पति से रूठ जाती है....



## शायरी

ऐसा लगता है कि जैसे ख़त्म मेला हो गया
उड़ गईं आँगन से चिड़ियाँ घर अकेला हो गया

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,306.85
-693.86 (0.85%)
निफ्टी:
24,870.10
-213.65

## मौसम



अधिकतम : 29 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 54
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 55

# पंजाब एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट से अब तक 5 मौतें

## 30 झुलसे, 35 घर-दुकानें भी जलीं, लोग बोले- ऐसा लगा जैसे पाकिस्तान ने हमला किया

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में सब्जी से भरी पिकअप की टक्कर से एलपीजी टैंकर में हुए ब्लास्ट में अब तक एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्लास्ट के बाद करीब 200 मीटर के दायरे में आती लगभग 25 दुकानों और 10 घरों को नुकसान हुआ। कई घरों की छतें गिर गईं। चपेट में आकर झुलसे करीब 30 लोगों का उपचार जारी है।

जिस पिकअप की टैंकर के नोजल से टक्कर हुई, उसके ड्राइवर का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। जबकि, टैंकर ड्राइवर की मौत हो गई।



सीएम भगवंत मान ने मरने वालों के परिवार को 2-2 लाख का मुआवजा और घायलों के मुफ्त इलाज का ऐलान किया। इस घटना से ब्लॉक हुआ जालंधर-होशियारपुर हाईवे करीब 14 घंटे बाद बहाल कराया गया।

घायलों ने बताया है कि यह धमाका इतना जबरदस्त था कि लोगों को लगा जैसे पाकिस्तान ने मिसाइलें दाग दी हों। उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। वहीं, अब तक यह साफ नहीं हो सका है किय यह टैंकर आखिर यहां कर क्या रहा था। लोगों का आरोप है कि गैस की कालाबाजारी के लिए अक्सर टैंकर इस इलाके में आते हैं। जबकि, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# दिल्ली में झमाझम बारिश

## हिमाचल और उत्तराखंड में अगले सात दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून का दौर जारी है। दिल्ली-एनसीआर, हिमाचल और उत्तराखंड से लेकर केरल तक में झमाझम बारिश हो रही है। महाराष्ट्र में लगातार कई दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण जन जीवन अस्त-व्यत है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले सात दिनों तक हिमाचल और उत्तराखंड के कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में 24 से लेकर 26 अगस्त के बीच भारी बारिश होने के आसार जताए गए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर का मौसम

दिल्ली-एनसीआर में पिछले कई दिनों से बारिश का दौरा जारी है। 24 अगस्त को सुबह से ही हल्की बारिश देखी गई, जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की कमी आ सकती है।

### उत्तर प्रदेश का मौसम

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से लगातार बारिशा हो रही है, जिससे मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने 25 अगस्त के लिए भी राज्य में बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद बारिश का क्रम कुछ दिनों के लिए रुक जाएगा।

बारिश बंद होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, 29 अगस्त के आसपास एक बार फिर मौसम करवट लेगा और 29-30 अगस्त को एक बार फिर मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।

बिहार में अभी भी मानसून एक्टिव है। पटना समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई है।

रविवार को पटना, गया, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, जहानाबाद, अरवल, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगुसराय, जमुई, मुंगेर, बांका, भागलपुर और खगड़िया समेत 29 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है।



### उत्तराखंड में कैसा रहेगा मौसम?

उत्तराखंड में बारिश ने इस बार भारी तबाही मचाई है। राज्य में गुरुवार को भारी बारिश के कारण पहाड़ियों से पत्थर और मलबा गिरने के कारण नदी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया, जिससे एक अस्थायी झील बन गई। मौसम विभाग के अनुसार, 25 अगस्त को राज्य के कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

### हिमाचल में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में 24 अगस्त को भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। जम्मू, कठुआ, मंडी, शिमला और पठानकोट जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है।

## विरोध प्रदर्शन




कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर अभ्यर्थी नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# भाजपा कार्यकर्ता ने दलित इंजीनियर को जूतों से पीटा

### बलिया में बिजली ऑफिस में घुसा, एसई बोले- मुझे गालियां दीं, हमला किया

**बलिया।** बलिया में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को भाजपा कार्यकर्ता ने साथियों के साथ मिलकर जूते से पीटा। साथ ही गाली-गलौज भी की। इस दौरान आसपास खड़े लोग उसे रोकते नजर आए, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता नहीं रुका। इस दौरान जमकर हंगामा होता रहा। 20 मिनट बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता अपने समर्थकों के साथ वहां से चला गया।

भाजपा कार्यकर्ता मुन्ना बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि पहले उन्हें पिटवाया गया। उनसे अधीक्षण अभियंता ने अभद्रता की। वहीं, पिटाई के बाद अधीक्षण अभियंता श्रीलाल सिंह कोतवाली पहुंचे और शिकायत दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अनिल अंबानी का बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट फ्रॉड घोषित

### रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 700 करोड़ के गलत इस्तेमाल का आरोप, आधे पैसों की एफडी कराई

**मुंबई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसमें कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी शामिल है।

ये लोन का मामला 2016 का है। बैंक का कहना है कि अनिल अंबानी और उनके कुछ पूर्व डायरेक्टर्स ने फंड्स को डायवर्ट यानी इधर-उधर कर दिया। इसलिए बैंक ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी का नाम भी इस फ्रॉड केस में लिया है। बैंक ऑफ इंडिया ने RCom को 700 करोड़ रुपए का कर्ज दिया था।

इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से 8 अगस्त का एक लैटर मिला है। इसमें बैंक ने अनिल अंबानी



(कंपनी के प्रमोटर और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने के बारे में बताया है।

### सीबीआई ने अनिल अंबानी के खिलाफ केस दर्ज किया

इससे पहले कल यानी 23 अगस्त को सीबीआई ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ 2,929 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में केस दर्ज किया था। सीबीआइ ने मुंबई में रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के ऑफिस और अनिल अंबानी के घर पर शनिवार (23 अगस्त) को छापेमारी भी की थी। यह फ्रॉड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है।

### अनिल अंबानी की कंपनियों पर लोन के गलत इस्तेमाल का आरोप

कुछ दिन पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस और खुद अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था। एसबीआई का कहना है कि RCom ने कई बैंकों से लिए गए 31,580 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया।

इसमें से करीब 13,667 करोड़ रुपए दूसरी कंपनियों के लोन चुकाने में खर्च किए। 12,692 करोड़ रुपए रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों को ट्रांसफर किए।

एसबीआई ने ये भी कहा कि हम इस मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पास शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में है।

इसके अलावा अनिल अंबानी के खिलाफ पर्सनल इन्सॉल्वेंसी (दिवालियापन) की कार्रवाई भी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मुंबई में चल रही है।

# अब देश के रूल से उड़ सकेंगे एयर टैक्सी-ड्रोन

## भारत में स्वदेशी उड़ान योग्यता नियम लागू; विदेश पर निर्भरता घटेगी

**नई दिल्ली।** भारत की नागरिक उड्डयन प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने स्वदेशी उड़ान योग्यता नियम लागू किए हैं। अब भारत में हवाई यात्रियों की सुरक्षा यूरोप या अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित नहीं, बल्कि भारतीय परिस्थितियों, तकनीकी जरूरतों के हिसाब से तय की गई है। इस बदलाव से भारत एक नियम निर्माता राष्ट्र के रूप में भी स्थापित होगा। स्वदेशी उड़ान योग्यता



नियमके मुताबिक, अब तक हमें विमान और उसके पुर्जों के डिजाइन के लिए यूरोपियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी या जॉइंट एविएशन रिक्वायरमेंट (JAR-21) से मंजूरी लेनी होती थी, लेकिन अब इंजन और पुर्जों के मानक भारत ही तय करेगा। देश में इनके निर्माण के लिए फैक्ट्रियां भी लगेंगी।

### सर्टिफिकेशन के लिए 300 घंटे की फ्लाई टेस्टिंग जरूरी


किसी भी नए इंजन या प्रोपेलर को सर्टिफिकेशन से पहले कम से कम 300 घंटे की फ्लाई टेस्टिंग से गुजरना होगा। पहले EASA और JAR-21 फ्रेमवर्क में टेस्टिंग के घंटे विमान के प्रकार, कॉन्फिगरेशन और रिस्क कैटेगरी के अनुसार बदल सकते थे। लेकिन भारत ने इसे न्यूनतम 300 घंटे फिक्स कर दिया है। किसी भी विमान या उसके हिस्से में खराबी या असुरक्षित स्थिति मिलने पर कंपनी को 72 घंटे के भीतर डीजीसीए को रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। किसी भी विमान कंपनी का डीजीसीए का दिया टाइप सर्टिफिकेट तब तक जारी रहेगा, जब तक वो भारतीय नियमों का पालन करेगी।

# गुजरात में सीरियाई नागरिक गिरफ्तार, शरीर पर गोलियों के निशान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एलिसब्रिज रीगल होटल से एक सीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान 23 साल के अली मेघात अल-अजहर के रूप में की गई है। क्राइम ब्रांच के जाइंट पुलिस कमिश्नर शरद सिंघल ने बताया कि अली के पास से 3600 अमेरिकी डॉलर और 25 हजार भारतीय कैश मिला है। उसके शरीर पर गोलियों सहित चोट के कई निशान पाए गए हैं। उसके मोबाइल में गाजा में भुखमरी और वहां के लोगों पर हो रहे अत्याचार के वीडियो भी मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक, अली अपने 3 साथियों के साथ गाजा पीड़ितों के नाम पर मस्जिदों और दूसरे जगहों से फंड जुटाता था। फिर उन पैसों से लग्जरी लाइफस्टाइल जीते थे। अन्य 3 सीरियाई नागरिक फरार हैं। पुलिस को शक है कि वे किसी खास मकसद से अहमदाबाद में रेकी करने आए थे।

# जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ाई



### लड़कियों के बीच कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने की आशंका; नशीली दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां ने कई स्कूलों में निगरानी बढ़ा दी है। प्राइवेट स्कूल की लड़कियों के बीच धार्मिक कट्टरपंथी विचारधाराओं को फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। नशीली दवाओं का इस्तेमाल भी बढ़ रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ प्राइवेट स्कूलों में कट्टर विचार फैलाए जाने की खबर मिली थी। इसके बाद उनको चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई युवाओं को चरमपंथी विचारों से बचाने के लिए की जा रही है।

खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घाटी में युवाओं और लड़कियों के बीच अखिल-इस्लामी विचारधारा अचानक बढ़ रही है। कट्टरपंथी मौलवी उन्हें इस्लाम की सख्त व्याख्या सिखा रहे हैं। इसमें सूफी संतों और ऋषियों के दरगाह पर जाना और वहां चढ़ावा चढ़ाना गैर-इस्लामी बताया जा रहा है।

### धार्मिक उग्रवाद से कश्मीर की सूफी परंपराएं खत्म होने का खतरा

न्यूज एजेंसी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियां ही नहीं बल्कि कुछ पूर्व अलगाववादी भी इस बढ़ते धार्मिक कट्टरपंथ से परेशान हैं। उन्हें डर है कि पाकिस्तान की ओर से थोपे जा रहे धार्मिक उग्रवाद से कश्मीर की सदियों पुरानी सूफी परंपरा कमजोर हो सकती है।

सोशल मीडिया पर आतंकवादी भी कट्टरपंथी विचारों को फैला रहे हैं। कश्मीर की शिक्षा व्यवस्था कमजोर होने से युवा इन विचारों की ओर जा रहे हैं। पिछले 30 सालों में आतंकवाद और अस्थिरता ने युवाओं के दिमाग पर बुरा असर डाला है। इसकी वजह से पत्थरबाजी जैसी घटनाएं देखने को मिलती है।

## एनकाउंटर

### पुलिस ने कहा- मेडिकल कराने के दौरान भागने की कोशिश की, पैर में गोली लगी

# नोएडा में पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी का एनकाउंटर

नोएडा। नोएडा में दहेज के लिए एक शख्स ने बेटे के सामने पत्नी को जिंदा जला दिया। महिला की शादी 9 साल पहले हुई थी। आरोपी पत्नी पर घरवालों से 35 लाख रुपए लाने का दबाव बना रहा था, लेकिन महिला ने मना कर दिया। इसके बाद महिला के पति और उसकी सास ने उसे लात-घूसों से पीटा।

महिला छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उन्होंने उसकी एक न सुनी। पति ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। महिला की बहन ने बचाने और वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे भी पीटा।



वीडियो में महिला छटपटाते हुए सीढ़ियों से नीचे की ओर भागती दिख रही है। उसकी चीख सुनकर पड़ोसी पहुंचे। कंबल डालकर आग बुझाई और उसे फोर्टिस अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने महिला की हालत देखते हुए दिल्ली के अस्पताल रेफर कर दिया।

22 अगस्त को महिला की मौत हो गई। महिला की बहन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर 23 अगस्त को पति को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस आरोपी पति विपिन को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल ले जा रही थी।

इसी दौरान आरोपी दरोगा की पिस्टल लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके आरोपी को सिरसा चौराहे के पास पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, रविवार देर शाम पुलिस ने मृतका की सास दयावती को भी गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी विपिन बोला- न ही मैंने मारा और न ही कुछ किया है

आरोपी विपिन भाटी ने कहा- मुझे गलती का कोई पछतावा नहीं है। न ही मैंने मारा है और न ही कुछ किया है। अपने आप मरी है। मियां-बीवी में लड़ाई होती रहती है। यह आम बात है।

एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- आरोपी के पास से महिला निक्की को जलाने वाला थिनर बरामद किया गया है।

घटना ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में 21 अगस्त को हुई। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। नोएडा के रूपबास गांव निवासी राज सिंह ने दिसंबर 2016 में अपनी भतीजी कंचन और निक्की की शादी सिरसा गांव के रहने वाले रोहित और विपिन से की थी।

राज सिंह ने बताया कि शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी समेत हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया।

## संपादकीय

# ‘हाँ, मैं भी चोर’



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

मैं, जितेन्द्र चौधरी
आज खुलेआम ऐलान करता हूँ —
हाँ, मैं भी चोर!

### क्यों कह रहा हूँ मैं ‘चोर’?

क्योंकि महंगाई ने मेरी जेब काट ली,
और नेता कहता है — ‘सब चंगा सी।’
**तो मैं भी चोर!**
क्योंकि बेरोज़गारी ने उम्मीदें लूट लीं,
टीवी पर बोला गया — ‘अमृतकाल आ गया।’
**तो मैं भी चोर!**
करोड़ों टैक्स भरने पर भी टूटी सड़क,
बिजली कटौती, रिश्वतख़ोर अफ़सर।
**तो मैं भी चोर!**
वोट डाला ही नहीं गया,
पर नतीजों में लिखा गया — ‘रिकॉर्ड जीत।’
**तो मैं भी चोर!**

### असली चोर कौन?

राफेल से लेकर चुनावी बॉन्ड तक,
रेलवे से लेकर एयरपोर्ट तक,
हर सौदे पर वही सवाल —
‘सबका मालिक कौन?’
**चोर!**
जनता की थाली में टमाटर 200 रुपये किलो,
नेताओं की थाली में डील करोड़ों की।
यही है विकास? तो मैं भी चोर!

### जनता की पुकार

- ‘वोट मेरा, जीत उनकी — **हाँ, मैं भी चोर।**’
- ‘जनता भूखी, नेता अमीर — **हाँ, मैं भी चोर।**’
- ‘टमाटर 200, जुमले फ्री — **हाँ, मैं भी चोर।**’
- ‘नौकरी ग़ायब, आंकड़े लापता — ह**हाँ, मैं भी चोर।**’
- ‘लोकतंत्र बिकाऊ, भक्ततंत्र टिकाऊ — **हाँ, मैं भी चोर।**’

### इतिहास का ताना-बाना

कल नारा उठा — ‘चौकीदार चोर है।’
सत्ता ने जवाब दिया — ‘मैं भी चौकीदार।’
आज जनता गा रही है —
‘वोट चोर, गद्दी छोड़।’
और मैं कह रहा हूँ —
‘**हाँ, मैं भी चोर।**’

### व्यंग्य का आईना

अगर प्रचारमंत्री मंच से कह दें — ‘**मैं भी चोर**’
तो भक्त ताली बजाएँगे,
व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी पैगाम फैलाएगी —
‘देशभक्त चोर ही असली विकास पुरुष हैं।’

नेता चोरी करे तो राष्ट्रसेवा,
जनता सवाल करे तो देशद्रोह!

# विभाजक ताकतों को उलाहना देती बाबुश्किन की हिंदी

बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकता है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं। जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है।

आज के रूस और उसके पूर्ववर्ती सोवियत संघ में हिंदी की पढ़ाई-लिखाई 1957 से ही शुरू हो गई थी, इस लिहाज से रूस के किसी नागरिक का हिंदी बोलना महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता। लेकिन आज के दौर में भारत स्थित रूसी दूतावास के दूसरे नंबर के अधिकारी रोमन बाबुश्किन अगर हिंदी के चंद लफ्जों का इस्तेमाल करें तो वह अहम हो जाता है। रूस से तेल खरीद के चलते अंकल सैम की आंखें इन दिनों भारत पर लाल हैं। इसी संदर्भ में 20 अगस्त को रूसी दूतावास ने एक प्रेस कांफ्रेंस रखी। उस प्रेस कांफ्रेंस में अपने संबोधन की शुरूआत बाबुश्किन ने हिंदी के दो वाक्यों से करके भारतीय भाषा प्रेमी पत्रकारों का दिल जीत लिया। बाबुश्किन का पहला वाक्य रहा, ‘सभी का हार्दिक स्वागत है।’ पत्रकारिता जगत की हस्तियों की श्रवणेंद्रिय इस हिंदी प्रयोग का झटका झेल रही थीं, कि बाबुश्किन ने ठेठ भारतीय सांस्कृतिक अंदाज में दूसरा वाक्य छोड़ दिया, हम शुरुआत करेंगे... भगवान गणेश के साथ। गणेश चतुर्थी आ रही है।

बाबुश्किन का हिंदी बोलना भारतीय राजनीति और समाज के उस तबके के लिए सीख हो सकता है, जो हिंदी का सवाल आते ही भड़क उठते हैं। जिन्हें विदेशी अंग्रेजी तो ग्राह्य और स्वीकार्य है, लेकिन हिंदी उनकी अपनी अस्मिता पर सवाल उठाती लगती है। आजाद भारत की राजनीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर किस कदर विभाजित हुई है, इसे समाज तो रोज ही झेलता-देखता है। इस विभाजक सोच का ही असर है कि हमारी अपनी भाषाओं के बीच भी झगड़े पैदा किए जा रहे हैं। भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के विरोध में राजनीति खूब खड़ा कर रही है और इसके जरिए वह अपना सियासी उल्लू ही सीधा करती है। नैरंतर्य और सकारात्मकता के लिहाज से देखें तो इसके सामाजिक विघटन की नींव ही मजबूत हो रही है। अस्मिताबोध को जगाने की आड़ में भाषायी वैमनस्य की राजनीति का एक मात्र मकसद सामाजिक विघटन को बढ़ाना और उस बंटे समाज के बीच से अपने खांचे में फिट बैठने वाला बड़ा समर्थक आधार वर्ग तैयार करना है। इसीलिए जब नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के जरिए प्राथमिक शिक्षा की बात होती है तो हिंदी को किनारे लगाने के लिए तमिल राजनीतिक अस्मिता उठ खड़ी होती है। कन्नड़ और बांग्ला भाषा बोध भी हिंदी के खिलाफ उठ खड़ा होता है। दिलचस्प यह है कि स्थानीय भाषाबोध के इन खिलाड़ियों के लिए वह अंग्रेजी अपनी हो जाती है, जिसकी कथित तौर पर वैश्विक व्यापकता है। हालांकि हकीकत यह है कि अंग्रेजी की व्यापकता गहराई से देखें तो अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और हांगकांग में ही है।

अंग्रेजी को तो बाबुश्किन ने भी अपना रखा है। भारतीय पत्रकारों के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बाद में वे अंग्रेजी में ही बोले। लेकिन हिंदी में बोलकर उन्होंने एक तरह से भारतीय लोगों का दिल जीतने की कोशिश की। ठीक उसी अंदाज में, जिस अंदाज में नरेंद्र मोदी स्थानीय समुदायों के दिल तक अपनी पैठ बनाने के लिए स्थानीय भाषाओं के कुछ शब्दों के साथ अपने भाषण की शुरूआत करते रहे हैं। पता नहीं, बाबुश्किन ने हिंदी बोलकर वहां उपस्थित कितने भारतीय पत्रकारों का दिल जीता, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और सोशल मीडिया पर जब से उनकी मीठी प्रचारित हुई है, उन्होंने ठेठ भारतीयों का दिल जरूर जीत लिया है।

# दलाई लामा पर अड़ंगा, ब्रह्मपुत्र पर बांध, अचानक जिनपिंग का हिमालय पार पहुंचना संयोग नहीं, भारत की बढ़ेगी चिंता?

**अभिनय आकाश**



शी जिनपिंग अचानक शी जिनपिंग तिब्बत का दौरा करते हैं तो सवाल उठते हैं कि आखिर इसका असली मकसद क्या है? भारत को क्यों इससे सतर्क रहने की जरूरत है?

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 अगस्त को अचानक तिब्बत की राजधानी ल्हासा पहुंचे। आधिकारिक तौर पर ये दौरा तिब्बत की स्वयत्त क्षेत्र की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के तौर पर बताया गया है। लेकिन क्या ये दौरा सिर्फ एक उत्सव है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रणनीतिक संदेश छिपा है। बीते कई दशकों से चीन तिब्बत के धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रहा है। जिसे चीनीकरण कहा जाता है। लेकिन तिब्बत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जड़े भारत और बौद्ध धर्म के साथ इतनी गहराई से जुड़ी हैं कि चीन की ये कोशिशें पूरी तरह सफल नहीं हो पाई। दलाई लामा के भारत में शरण लेने से लेकर 1962 के भारत-चीन युद्ध तक तिब्बत हमेशा दोनों देशों के बीच एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। ऐसे में जब शी जिनपिंग अचानक शी जिनपिंग तिब्बत का दौरा करते हैं तो सवाल उठते हैं कि आखिर इसका असली मकसद क्या है? भारत को क्यों इससे सतर्क रहने की जरूरत है?

### जान-बूझकर तिब्बत में जिनपिंग ने किया दौरान

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का 20 अगस्त को अचानक तिब्बत पहुंचना केवल एक औपचारिक दौरा नहीं था बल्कि इसके पीछे कई रणनीतिक और राजनीतिक मकसद छिपे हुए हैं। आधिकारिक रूप से ये दौरा तिब्बत स्वायत्त-क्षेत्र यानी टीएआर की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बताया गया। लेकिन असल में चीन की तिब्बत में पकड़ मजबूत करने, सीमा पर भारत के खिलाफ दबाव बनाने और क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करने की रणनीति का हिस्सा है। ल्हासा में 20,000 लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए, शी जिनपिंग ने तिब्बत पर चीनी कब्जे को लेकर चल रहे तनाव के बीच इस यात्रा के राजनीतिक महत्व पर ज़ोर दिया। गौरतलब है कि उन्होंने तिब्बतियों के पूज्य निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का ज़िक्र तो नहीं किया, लेकिन कहा कि तिब्बती बौद्ध धर्म में बदलाव की ज़रूरत है। इस महीने की शुरुआत में बीजिंग ने तिब्बत और उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग को जोड़ने वाली एक विशाल रेलवे लाइन बनाने की अपनी योजना की घोषणा की थी। तिब्बत की राजधानी ल्हासा में अपने संबोधन में शी ने जोर देकर कहा कि तिब्बत पर शासन करने, उसे स्थिर करने और विकसित करने के लिए पहली बात यह है कि राजनीतिक स्थिरता, सामाजिक स्थिरता, जातीय एकता और धार्मिक सद्भाव बनाए रखा जाए। उन्होंने क्षेत्र में प्रभुत्व को मजबूत करने पर अपना ध्यान केंद्रित करने का संकेत दिया।

ल्हासा की ऊँचाई के कारण, तिब्बत की यात्रा 72 वर्षीय चीनी राष्ट्रपति के लिए एक स्वास्थ्य परीक्षण भी थी। यह कड़े नियंत्रण वाले इस क्षेत्र की उनकी दूसरी राष्ट्रपति यात्रा थी, जहाँ उन्होंने स्थानीय अधिकारियों की अलगाववाद के विरुद्ध उनके गहन प्रयासों के लिए प्रशंसा की, और तिब्बतियों द्वारा बीजिंग के शासन के विरुद्ध दशकों से किए जा रहे प्रतिरोध का हवाला दिया। तिब्बती स्वायत्तता की वकालत करने वाले अधिकार समूहों ने शी की यात्रा को क्षेत्र में उनके प्रशासन के मानवाधिकार रिकॉर्ड को छिपाने का प्रयास बताया। तिब्बत एक्शन इंस्टीट्यूट के एशिया कार्यक्रम प्रबंधक और तिब्बत की निर्वासित संसद के सदस्य दोरजी त्सेतेन ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया तिब्बतियों के लिए, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के निर्माण की वर्षगांठ उत्सव का कारण नहीं है, बल्कि चीन के औपनिवेशिक कब्जे की एक दर्दनाक याद दिलाती है।

### दलाई लामा के उत्तराधिकारी पर बयान और अब ये यात्रा

यह यात्रा दलाई लामा द्वारा यह बयान दिए जाने के ठीक दो महीने बाद हो रही है कि उनके उत्तराधिकारी का चयन चीन के बजाय उनका कार्यालय करेगा। चीनी अधिकारी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि इस प्रक्रिया की निगरानी का अधिकार केवल उनके पास है। 90 वर्ष की आयु में, आध्यात्मिक नेता तिब्बत की स्थिति के लिए लगातार चीन के भीतर वास्तविक स्वशासनको बढ़ावा देते रहे हैं, लेकिन बीजिंग उन्हें अलगाववादी कहता रहा है। लंदन के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज में तिब्बत के विद्वान रॉबर्ट बार्नेट ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि दलाई लामा का उत्तराधिकार एक प्रतीकात्मक युद्धक्षेत्र और पार्टी के लिए एक प्रतीकात्मक अवसर है, जिससे वह इस बारे में मौलिक दावा कर सके कि तिब्बत पर कौन शासन करता है। लेकिन बार्नेट ने कहा कि सिर्फ़ उत्तराधिकार ही चीनी सत्ता के लिए अस्तित्वगत ख़तरा नहीं दर्शाता, बल्कि संभवत: शी जिनपिंग की यात्रा में निहित कई चीनी महत्वाकांक्षाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा तिब्बत पर नियंत्रण स्थापित करने के बीजिंग के व्यापक अभियान को दर्शाती है।

### जिनपिंग ने क्या संदेश दिए


चीन का कहना है कि तिब्बती लोग अपने धर्म का पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं, फिर भी मानवाधिकार संगठनों का तर्क है कि सदियों पुरानी परंपराओं में गहराई से निहित उनकी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को धीरे-धीरे कमज़ोर किया जा रहा है। हालाँकि, जून में सिचुआन प्रांत के एक तिब्बती मठ में बीबीसी के दौरे के दौरान, भिक्षुओं ने बताया कि तिब्बतियों को बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित किया जा रहा है और उन्होंने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) पर लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाया। हालाँकि, बीजिंग इन आरोपों को खारिज करता है और दावा करता है कि उसके शासन में तिब्बतियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, हाल के वर्षों में, तिब्बत में हान चीनी लोगों का उच्च-ऊंचाई वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रवास हुआ है, पत्रकारों और विदेशी आगंतुकों पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं, और कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकार क्षेत्र से बाहर की किसी भी राजनीतिक या सांस्कृतिक गतिविधि का दमन किया गया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने चीनी नियंत्रण के विरुद्ध एक असफल विद्रोह के छह साल बाद, 1965 में तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र की स्थापना की, जिसे चीन में शिज़ांग के नाम से जाना जाता है। शी की अप्रत्याशित यात्रा गुरुवार को सरकारी मीडिया में छाई रही, अखबारों और टेलीविजन चैनलों ने उनके ल्हासा दौरे को एक उत्सव के रूप में पेश किया। पहले पन्ने पर छपी तस्वीरों में तिब्बती नर्तकियों और जयकार करती भीड़ द्वारा उनका स्वागत करते हुए दिखाया गया।

### तिब्बत में त्सांगपो और रेलवे लाइन पर बांध बना रहा चीन

शी जिनपिंग का यह दौरा इस क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े बाँध के निर्माण कार्य शुरू होने के एक महीने बाद हो रहा है। मोटुओ हाइड्रोपावर स्टेशन के नाम से प्रसिद्ध यह परियोजना यारलुंग त्सांगपो नदी पर स्थित है, जो तिब्बती पठार से होकर बहती है। पूरा होने पर, इस बाँध के आकार में थ्री गॉर्जेस बाँध को पार करने और उससे तीन गुना अधिक ऊर्जा उत्पादन करने की उम्मीद है। बीजिंग का दावा है कि 1.2 ट्रिलियन युआन (167 बिलियन डॉलर) की यह परियोजना स्थानीय समृद्धि को बढ़ावा देते हुए पारिस्थितिक संरक्षण को प्राथमिकता देगी। हालांकि, विशेषज्ञों और अधिकारियों ने चिंता जताई है कि यह बाँध चीन को सीमा पार से बहने वाली यारलुंग त्सांगपो नदी को नियंत्रित या मोड़ने की क्षमता प्रदान कर सकता है, जो दक्षिण में भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम राज्यों के साथ-साथ बांग्लादेश में बहती है और सियांग, ब्रह्मपुत्र और यमुना नदियों को पोषण प्रदान करती है। बीजिंग ने यह भी घोषणा की कि वह अक्साई चिन से होकर, और भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के बिल्कुल पास, तिब्बत-शिनजियांग (उत्तर-पश्चिमी प्रांत) रेलवे परियोजना का निर्माण शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्वासित अधिकारियों ने शी की तिब्बत की इस असामान्य यात्रा को इस बात का संकेत माना कि चीन को स्थानीय निवासियों का पूरा समर्थन नहीं मिला है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3630



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3629 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूँगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूँगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूँगा।

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा- यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।


गीता- क्यों क्या किया रमन ने?

शीला- कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा- अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता- तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला- दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

## फिल्म वर्ग पहेली - 3630



**बायें से दायें:-**

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हँसदे हँसदे' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरूख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रूकिये तो' गीत वाली शाहरूख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रूके रूके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3629



## सूडोकु -3630


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3629 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 3630



**बाएँ से दाएँ**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

शब्द पहेली -3629 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 25 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# ग्रेटर नोएडा में नि:शुल्क लाइब्रेरी का भव्य शुभारम्भ

**विशाल इंडिया संवाददाता**





**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा वरिष्ठ नागरिक समाज ने मिलकर एक अनुकरणीय पहल की है। बीटा-2 सेक्टर में एक नि:शुल्क लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है, जिसका भव्य शुभारम्भ कल स्थानीय विधायक माननीय श्री तेजपाल नागर जी के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर ग्रेटर नोएडा वरिष्ठ नागरिक समाज के अध्यक्ष श्री रमनपाल सिंह जी (सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक), उनके समस्त वरिष्ठ नागरिक साथी, और टीम ग्राम पाठशाला के सदस्य उपस्थित रहे। यह लाइब्रेरी न केवल वरिष्ठ नागरिकों बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी ज्ञान और प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगी। यह पहल सामुदायिक विकास और शिक्षा के प्रति ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और वरिष्ठ नागरिक समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों और संसाधनों का लाभ उठाकर स्थानीय निवासी अपनी बौद्धिक और रचनात्मक क्षमताओं को और निखार सकेंगे। टीम ग्राम पाठशाला ने इस उपलब्धि के लिए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा वरिष्ठ नागरिक समाज, और उनके अध्यक्ष श्री रमनपाल सिंह जी को हार्दिक बधाई दी है। यह लाइब्रेरी निश्चित रूप से समाज के सभी वर्गों के लिए एक अनमोल सौगात है।

## नोएडा पहुंचे हरियाणा के खेल मंत्री

**नोएडा।** सेक्टर-46 में निजी कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा सरकार के खेल व विधि राज्यमंत्री गौरव गौतम ने भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा समेत अन्य लोगों के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया और खेल को बढ़ावा देने के विजन के बारे में चर्चा की। नोएडा प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने यूपी और हरियाणा सरकार मिलकर युवाओं के लिए खेल जगत में विकास कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस पर मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया।

# सड़क पर खड़ी हुंडई वरना कार मे लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** सेक्टर 64 के पास हुंडई की वरना गाड़ी में अचानक चिंगारी फूटी और देखते-देखते कार आग का शोला बन गई।

वहां से गुजर रहे लोगो इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी और मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने आग को बुझाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचना भी दिया। लेकिन दमकल की गाडी के आने के समय तक गाडी जल कर खाक हो गई थी।

बता दे कि धू-धू कर जलती हुई वरना कार में आग को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है की आग कितनी भयावह थी।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना पर तत्काल फायर स्टेशन से फायर टेंडर रवाना किए गए वहां जाकर देखा गया कि हुंडई वरना



गाड़ी जो सीएनजी/ पैट्रोल से चलती है।

गाजियाबाद से सेक्टर 62 नोएडा की ओर आने वाले सडक पर सेक्टर 64 के पास खड़ी हुई गाड़ी मे आग लगी थी जिसको फायर सर्विस यूनिट द्वारा तत्काल पूर्ण रूप से बुझाया गया। इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## स्कूल कैंटीन में खाने की गुणवत्ता पर सवाल

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के पैसफिक वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को पैरंट्स-टीचर मीटिंग के दौरान खाने की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कैंटीन में परोसे गए छोले-भटूरे में कीड़ा निकलने से अभिभावकों में आक्रोश फैल गया। घटना उस समय सामने आई जब कुछ पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ कैंटीन में गए। उन्होंने तीन प्लेट छोले-भटूरे का ऑर्डर दिया। खाना परोसे जाने पर एक भटूरे पर कीड़ा रेंगता हुआ दिखा। इस पर अभिभावकों और कैंटीन स्टाफ के बीच तीखी बहस हुई। स्कूल के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कैंटीन आउटसोर्स की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कैंटीन संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

# नोएडा में दो बदमाश गिरफ्तार

### बाइक चोरी कर बेचते थे, 15 गाड़ियां बरामद



नोएडा। थाना फेस 1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 15 दो पहिया वाहन जिसमें 11 मोटर साइकिल और 4 स्कूटी बरामद की गई है। इनके नाम बंटी और नसीम उर्फ कंचन है। इन दोनों को झुंडपुरा बार्डर सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर बरामद की गई बाइक नोएडा, दिल्ली एनसीआर से चोरी की गई थी।

### फैक्ट्री और कालोनियों से करते चोरी

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बंटी गैंग का सरगना है। ये नोएडा एनसीआर की कालोनियों, सोसाइटियों व कंपनियों से वाहन चोरी करने में माहिर है। ये दोनों पहले सेक्टर व कंपनियों के बाहर रेकी करते है। रेकी करने के बाद कंपनी, फैक्ट्री व पार्क के आस पास खड़ी बाइक व स्कूटी का लॉक तोड़कर चोरी करके ले जाते है। इसके बाद सुरक्षित स्थानों पर छिपा देते है। बाद में मौका पाकर मोटर साइकिल स्कूटी को अपने साथियों के साथ मिलकर सस्ते दामों में बेच देते है। इससे मिले पैसों से अपना खर्चा चलाते थे। इनके लॉक तोड़े बिना भी मास्टर की के जरिए कई बाइक को ऑन कर फरार हो जाते है। इनको लॉक तोड़ने में महज 5 से 10 सेकेंड का समय लगता है। ये बाइक को राह चलते लोगों को या कबाडियों को बेच देते है। इसमें बंटी पर 9 और नसीम पर 9 मुकदमे दर्ज है। इनकी जानकारी अन्य जनपद और राज्यों को भेजी जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में माफिया मनोज के गैंग का सदस्य गिरफ्तार

### तमंचा और कारतूस बरामद, लूट समेत कई केस हैं दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की थाना इकोटेक-1 पुलिस ने माफिया मनोज उर्फ आसे गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान राहुल उर्फ लीलू घरबरा गांव निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

स्थानीय इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने बूढ़ा घरबरा क्षेत्र से आरोपी को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, राहुल थाना इकोटेक प्रथम का हिस्ट्रीशीटर है।



उसके खिलाफ लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं।

कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और अपराधों की जानकारी जुटा रही है।

## एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत जीतकर लौटे निशानेबाज देव प्रताप

**ग्रेटर नोएडा।** कजाकिस्तान में 16 से 30 अगस्त तक हुई एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीतकर लौटे देव प्रताप का शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। जिले व सोसाइटी के निवासियों ने उन्हें सम्मानित किया। निशानेबाज मूल रूप से मेरठ के निवासी है और करीब आठ वर्ष की आयु से मामा दीपक तोमर से शूटिंग का प्रशिक्षण ले रहे है। जेबीएम ग्लोबल स्कूल के चेयरमैन गुरुदत्त अरोड़ा, मां रश्मि तोमर, एसीपी रविंदर तोमर, रक्षा तोमर, नीरज, किसान यूनियन के उपाधीक्षक अभिजीत, प्रदीप, रवि, नितिन अवाना आदि लोगों ने स्वागत किया।

# कार और 5 लाख न देने पर विवाहिता की हत्या

### ग्रेटर नोएडा में पति समेत 7 पर केस, पोस्टमार्टम में दम घुटने से मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में दहेज हत्या का मामला सामने आया है। मकनपुर खादर गांव में एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका के भाई शाहरुख ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

शाहरुख ने बताया कि करीब ढाई साल पहले उन्होंने अपनी दो बहनों सन्नो और शबनम की शादी मकनपुर खादर गांव के आमिर उर्फ कपिल और आबिद से की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था।

इसके बावजूद ससुराल वाले खुश नहीं थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही दोनों बहनों के साथ मारपीट की जाती थी। शुक्रवार देर रात सन्नो की हत्या कर दी गई।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मृतका के पति के एक अन्य महिला से अवैध संबंध थे। इसका विरोध करने पर भी वह मारपीट करता था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने पति आमिर उर्फ कपिल, जेठ अर्जुन, सास जन्नत, देवर सुंदर, शाहरुख, आबिद और रेनू उर्फ लाली के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# एक्सप्रेसवे पर रेस लगाने आए 5 बाइकर्स को वापस लौटाया

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर रेसिंग करने जा रहे बाइकर्स को पुलिस ने रविवार सुबह करीब छह बजे जीरो प्वाइंट पर रोक दिया। इस दौरान 5 बाइकर्स को वापस भेजा गया। हालांकि बाइकर्स ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिस ने इजाजत नहीं दी।

हालांकि इस रविवार बाइकर्स अधिक संख्या में नहीं पहुंचे। लेकिन ट्रैफिक पुलिस पहले ही तैनात थी। हर सप्ताह सुबह के समय कई युवा रफ्तार का रोमांच लेने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचते हैं।

महंगी सुपरबाइक्स और तेज गति से दौड़ते इन बाइकर्स की वजह से हाईवे पर गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है।

पूर्व में भी ट्रैफिक पुलिस को इस प्रवृत्ति की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद प्रत्येक रविवार को पुलिस चेकिंग कर कार्रवाई करती है।

# निक्की हत्याकांड : पिता ने कहा- विपिन के घर पर चले बुलडोजर

नोएडा। निक्की के पिता सत्यवीर का कहना है कि विपिन को कड़ी सजा मिलनी चाहिए नहीं तो उसके घर पर बुलडोजर चलना चाहिए। यहां बाबा की सरकार है। जिस तरह से विपिन से मुठभेड़ हुई है उसी तरह से अन्य आरोपियों से भी होनी चाहिए। अगर आरोपियों को कड़ी सजा नहीं मिलेगी तो पुलिस अधिकारियों के ऑफिस के बाहर धरने पर बैठेंगे। वहीं, अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि सत्यवीर ने हाल ही में मर्सिडीज कार खरीदी थी जिस पर विपिन की नजर थी। विपिन मर्सिडीज की भी मांग कर रहा था।

### सोशल मीडिया पर पूरे दिन छाया रहा मुद्दा

हत्या का मामला रविवार को पूरे दिन सोशल मीडिया पर छाया रहा। ग्रेटर नोएडा हैशटैग पर पूरे दिन ट्रेंड करता रहा। लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही, मामले में जल्द चार्जशीट दाखिल कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की। पूरे दिन एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लोगों ने पोस्ट कर पीड़िता के हक में आवाज उठाई। साथ ही, दहेज हत्या के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि ग्रेटर नोएडा से आया दहेज हत्या का समाचार बेहद दर्दनाक है। घोर निंदनीय है। दहेज लालच का दूसरा नाम है और नारी के साथ भेदभाव का सबसे वीभत्स रूप भी। इसकी जड़ में नारी को दोयम दर्जे का मानने की सामंती सोच सक्रिय होती है। इस सोच को बदलने के लिए सरकार से लेकर समाज तक को अति सक्रिय होकर सकारात्मक वातावरण बनाना पड़ेगा। हत्या करने वाले ऐसे लोगों ने स्वयं अपने लिए एक ऐसी सजा को चुना है जिसमें उनके साथ परिवार के निर्दोष लोग भी सारा जीवन मानसिक सजा को भुगतने का दंश झेलेंगे।

अधिवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव ने एक्स पर लिखा कि हम निक्की के लिए न्याय की माग करते हैं और प्रशासन से अपील करते हैं कि चार्जशीट शीघ्र दाखिल कर केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। साथ ही, गवाहों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को समुचित सहायता मिले। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हिस्ट्रीशीटर ने कार से सिपाही को उड़ाया, मौत...

### हवा में उछलकर 100 मीटर दूर गिरे, गाजियाबाद में एक्सप्रेस-वे की घटना

गाजियाबाद। गाजियाबाद में हिस्ट्रीशीटर ने कार से ट्रैफिक सिपाही को उड़ा दिया। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि सिपाही हवा में उछलकर 100 मीटर दूर जा गिरे। घटना के 34 घंटे बाद रविवार तड़के सिपाही की मौत हो गई।

मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर हुई इस घटना का सीसीटीवी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि तेज रफ्तार अर्टिगा कार अचानक हल्का टर्न लेती है और एक्सप्रेस-वे किनारे खड़े सिपाही को टक्कर मारती है।

130 की स्पीड में टक्कर के बाद सिपाही बोनट से टकराते हुए हवा में उछल गया। वह घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर जा गिरा। पीछे से आ रहे एक राहगीर ने देखा, तो उसने फौरन पुलिस



को सूचना दी।

इस बीच गाड़ी ड्राइव कर रहा हिस्ट्रीशीटर मौके से भाग निकला। पुलिस घायल सिपाही को लेकर अस्पताल आई, जहां रविवार तड़के पौने 4 बजे मौत हो गई। शुक्रवार ( 22 अगस्त) को हुई इस घटना का सीसीटीवी शनिवार रात सामने आया था।

### अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला

विपिन कुमार (31) गाजियाबाद के खुर्जा के विमलानगर के रहने वाले थे। वह गाजियाबाद में ट्रैफिक सिपाही थे। 22 अगस्त की शाम करीब 6 विजयनगर में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार सामने से आई।

कार विपिन कुमार को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। सिपाही विपिन बोनट से टकराकर हवा में 10 फीट तक उछले। उसके बाद 100 मीटर दूर जा गिरे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से उन्हें मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के 34 घंटे बाद मौत हो गई।

## आरडब्ल्यूए चुनाव का किया बहिष्कार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित सेक्टर-3 के डी ब्लॉक में रविवार को कुछ निवासियों की ओर से आरडब्ल्यूए चुनाव का बहिष्कार किया गया। आरोप है कि आरडब्ल्यूए चुनाव गलत तरीके से कराया गया है। अध्यक्ष पद की उम्मीदवार नीलम यादव ने बताया कि सेक्टर में आरडब्ल्यूए का चुनाव करने के लिए बनाई गई कमेटी की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है। इसके खिलाफ लोगों ने आवाज उठाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। वहीं, डिप्टी रजिस्ट्रार ने चुनाव को बिना सूचना के कराने व प्रक्रिया के बारे में बताने के संबंध में नोटिस जारी किया है। इसका पालन एक सप्ताह के अंदर करना होगा। मनमर्जी से चुनाव करा दिया गया है।

# रजिस्ट्री और कब्जे के लिए सड़क पर उतरे घर खरीदार

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित बुलंद एलीवेट्स सोसाइटी के घर खरीदारों ने रविवार को सेवियर बिल्डर व प्राधिकरण के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन किया। निवासियों ने नारेबाजी करते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा करने और रजिस्ट्री कराने की मांग की। सोसाइटी निवासी जितेंद्र ने बताया कि वर्ष 2010-11 में लोगों ने परियोजना में घर खरीदने में निवेश किया था। वर्ष 2016 तक लोगों को कब्जा दिया जाना था लेकिन ऐसा अभी तक नहीं किया गया है। सोसाइटी के एक ही टावर का काम पूरा हो पाया है जिसमें करीब 120 परिवार रह रहे हैं। बाकी के अन्य घर खरीदारों को अभी तक कब्जा नहीं दिया गया है। साथ ही, जो लोग रह रहे हैं उनकी भी रजिस्ट्री नहीं हुई है। अन्य निवासियों ने बताया कि बिल्डर के दिवालिया घोषित होने के बाद सोसाइटी का निर्माण कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सेवियर बिल्डर को दी गई थी लेकिन बिल्डर ने अभी तक कोई कार्य नहीं किया है। लोग अभी भी अपने घर का कार्य पूरा होने की उम्मीद में बैठे हुए हैं लेकिन काम कब तक पूरा होगा। इसका किसी को पता नहीं है जिससे सभी निवासी परेशान हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बताया कि वे अलीगढ़ व आगरा के साथ ही अन्य जनपदों से आए हैं। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन उनकी बातों को सुनेगा। जल्द निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरेंगे।

# शार्ट न्यूज

## नेशनल हाइवे से ई-रिक्शा हटाने की मांग

**ग्रेटर नोएडा।** आर्य प्रतिनिधि सभा ने जीटी रोड पर दादरी से गाजियाबाद के बीच चलने वाले ऑटो और ई-रिक्शा को बंद कराने की मांग की है। इस मामले में एआरटीओ को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि नेशनल हाईवे पर चल रहे ई-रिक्शा चलने से हादसा होने की डर बना रहता है। सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने कहा कि दो साल पहले तत्कालीन सचिव परिवहन ने प्रत्येक जिले के मुख्य मार्गों से ई-रिक्शा हटाने का आदेश दिया था, लेकिन आदेश पर अब तक अमल नहीं हुआ। ई-रिक्शा में दादरी तिराहे से गाजियाबाद के लिए सवारियां बैठाई जाती हैं। इसके बाद ये लोग अधाधुंध ई रिक्शा दौड़ाते हैं। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। शहर के व्यापारी, समाज सेवी संगठन समेत राजनैतिक दलों के लोग भी इन्हें नेशनल हाइवे से हटाने की मांग करते रहे हैं।

## प्रशासन ने बिल्डर से खरीदारों के 5.30 करोड़ वसूले

**ग्रेटर नोएडा।** जिला प्रशासन ने डिलिजेंट बिल्डर्स से खरीदारों के 5.30 करोड़ रुपये वसूल लिए हैं। यूपी भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण की तरफ से बिल्डर के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी किया गया था लेकिन बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा था। कंपनी का प्रबंधन बदलने के बाद वसूली हो सकी है। वहीं, खरीदारों का कहना है कि बिल्डर ने कब्जा देना शुरू कर दिया है। आदेश का पालन नहीं करने पर यूपी रेरा बिल्डरों के खिलाफ आरसी जारी कर रहा है ताकि खरीदारों का पैसा दिलाया जा सके। यूपी रेरा ने ग्रेनो वेस्ट स्थित डिलिजेंट बिल्डर्स के खिलाफ भी आरसी जारी की थी। बिल्डर का अंतरिक्ष वैली नाम से प्रोजेक्ट हैं। इनमें से 15 आरसी के 5.30 करोड़ रुपये बकाया थे। तहसील दादरी की टीम के बार-बार नोटिस के बाद भी बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहा था। अब कंपनी को नए प्रबंधन ने संभाला है। इसके बाद बिल्डर ने रुपये जमा करा दिए हैं। वहीं, प्रोजेक्ट के खरीदारों का कहना है कि प्रोजेक्ट में कुल दो टावर हैं जिनमें 316 फ्लैट हैं। बिल्डर ने एक टावर में कब्जा दे रहा है।

## जनपद के किसानों की समस्याओं का मुद्दा रखा

**ग्रेटर नोएडा।** राजस्थान के कोटा शहर स्थित भामाशाह कृषि मंडी में किसान भवन में चल रहे तीन दिवसीय चिंतन शिविर में गौतमबुद्धनगर के किसानों के मुद्दों को उठाया गया। राष्ट्रीय किसान समन्वय समूह के आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा एवं उसमें जुड़े हुए दर्जनों संगठनों ने बड़ा आंदोलन चलाने पर सहमति दी। गौतमबुद्धनगर के किसान नेता सुनील फौजी और दशरथ कुमार ने शिविर में जनपद के किसानों के मुद्दों को रखा। किसान संगठनों का कहना है कि इनको लेकर देशभर में बड़ा आंदोलन की जरूरत है। देश की प्रमुख औद्योगिक नगरी ग्रेटर नोएडा में किसानों की जमीन को अधिग्रहण करने में ही नए जमीन अधिग्रहण कानून को लागू नहीं करने समेत सुविधा नहीं मिल रही है। किसान का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसको किसी भी हालत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इसको लेकर शिविर में बडा फैसला लेने को लेकर विचार विमर्स चल रहा है।

## धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने धोखाधड़ी और साजिश के गंभीर मामले में आरोपी राजेंद्र सिंह की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। प्रकरण थाना सेक्टर-58 नोएडा का है। अभियोजन के अनुसार शिकायतकर्ता को एक विज्ञापन व मीडिया प्रचार के माध्यम से जानकारी मिली थी कि मैसर्स मेप्पले इन्वोवाटिव प्रमोटर्स (एमआईपी) नामक कंपनी बाइक को किराए पर लेकर निवेशकों को मोटी मासिक किस्त देती है। भरोसा दिलाकर शिकायतकर्ता से 2.48 लाख रुपये की राशि निवेश कराई गई और चार एग्रीमेंट दिए गए। लेकिन वादे के मुताबिक कोई भुगतान नहीं किया गया। उलटे जब निवेशक कंपनी से संपर्क करने पहुंचे तो उन्हें धमकाकर भगा दिया गया।

## युवक की प्लेटफार्म के बीच फंसने से मौत

**दादरी।** दादरी रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे युवक की प्लेटफार्म के बीच में फंसने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, जीआरपी को अजायपुर रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। फिरोजाबाद के टूंडला के कलुआ नगला गांव का रहने वाला वीर कुमार पुत्र प्रेमपाल नोएडा में किसी निजी कंपनी में नौकरी करता था। वीर कुमार और उसका दोस्त शनिवार दिन रात को टूंडला जाने के लिए दादरी स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान वे स्टेशन से गुजर रही नेताजी एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास करने लगे ।एक्सप्रेस ट्रेन का यहां पर स्टॉप नहीं था, इसलिए ट्रेन प्लेटफार्म पर नहीं रुक रही थी। वीर कुमार का दोस्त तो किसी तरह ट्रेन में चढ़ गया, मगर ट्रेन की गति कुछ अधिक होने के कारण वीर कुमार ट्रेन में नहीं चढ़ सका। प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में फंसकर उसकी मौत हो गई। इसके अलावा जीआरपी पुलिस को एक और अन्य व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी पहचान गिरिराज सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई।

## साहिबाबाद में आप की बैठक

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद विधानसभा के वसुंधरा सेक्टर-1 में आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक बैठक हुई। प्रदेश प्रवक्ता और साहिबाबाद संगठन प्रभारी तरूणिमा श्रीवास्तव ने बैठक की अध्यक्षता की। तरूणिमा श्रीवास्तव ने आगामी चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर संपर्क अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। पार्टी की शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी से जुड़ी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से रोजाना कम से कम दो घंटे पार्टी के लिए समर्पित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता को अधिकारों के प्रति जागरूक करना संगठन की प्राथमिकता है। बैठक में जिला सचिव रवि त्रिपाठी, महिला नगर अध्यक्ष पुष्पा सिंह और वार्ड साथी गुलशन भाटिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सोसायटी में डॉग फीडिंग विवाद गहराया

गाजियाबाद। गाजियाबाद के विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित ब्रह्मपुत्र एनक्लेव सोसायटी में डॉग फीडिंग विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को यहां डॉग लवर युवती और सोसायटी निवासी के बीच झगड़ा हुआ था। इस दौरान युवक ने युवती को थप्पड़ मार दिए थे जिसका 38 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और उस पर कानूनी कार्रवाई की गई। मामला यहीं शांत नहीं हुआ। रविवार को सोसायटी के दर्जनों लोग विजयनगर थाने की जल निगम चौकी पहुंचे और वहां जोरदार नारेबाजी की। लोग हाथों में बैनर लेकर पहुंचे और पुलिस से मांग की कि सोसायटी को आवारा कुत्तों से निजात दिलाया जाए। सोसायटी की महिलाओं ने आरोप लगाया कि युवती पिछले पांच साल से यहां रह रही है और करीब 20 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग्स को सोसायटी के अंदर ही पाल रखा है। उनका कहना है कि ये कुत्ते कई बार बच्चों पर झपट चुके हैं और किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## मसूरी थाने के सामने सड़क हादसा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मसूरी थाने के सामने एक्सिस बैंक एटीएम के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दिलशाद के रूप में हुई है। दिलशाद उत्तर प्रदेश के गुलावटी का रहने वाला था और अपने दोस्त के साथ गाजियाबाद की ओर जा रहा था। दोनों युवक बाइक पर सवार थे। बताया जा रहा है कि अचानक एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलशाद का सिर में गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके साथ मौजूद दोस्त को भी चोटें आई हैं, जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही मसूरी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गंगा में समाए 3 मकान, नाव पलटी, 4 बहे

## महोबा-चंदौली में बांध ओवरफ्लो; आज 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



**उत्तर प्रदेश।** यूपी में बारिश से डैम, नदियां और नाले उफान पर हैं। अब तक 8 बांधों के गेट खोले जा चुके हैं। चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बंधा रविवार तड़के अचानक टूट गया। इसके चलते पांच गांवों में पानी घुस गया है। फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पंखियन गांव में प्रधान का कार्यालय समेत तीन मकान गंगा में समा गए।

एटा में शनिवार रात बारिश के चलते 60 साल पुराना मकान ढह गया। मलबे में परिवार के 8 लोग दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मामला अलीगंज थाना क्षेत्र के नगला जैत गांव का है।

मिर्जापुर में अहरौरा बांध ओवरफ्लो हो गया है। इसके चलते 9 साल बाद 22 गेट खोलने पड़े। इससे 20 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। सोनभद्र में धंधरौल बांध का जलस्तर बढ़ गया। इसके बाद बांध के 22 फाटक खोल दिए गए हैं। चंदौली के मूसाखंड और लतीफ शाह बांध भी लबालब भर गए हैं। दोनों बांधों के गेट खोल दिए गए हैं। ललितपुर में माताटीला, राजघाट, भौंरट, जैमिनी और गोविंद सागर बांध भी ओवरफ्लो हो गए हैं। फर्रुखाबाद का भुड़िया भेड़ा गांव गंगा नदी की बाढ़ से टापू बन गया है। इसके चलते लोग नाव से आ-जा रहे हैं। शनिवार को नाव से चार लोग बाजार जा रहे थे, तभी तेज बहाव आया और नाव पलट गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। रस्सी के सहारे नाव और लोगों को बाहर निकाला।

बदायूं में गंगा नदी का पानी 6 गांवों में घुस गया है। गलियों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया है। सड़कों पर नाव चल रही है। आज 60 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में नया वेदर सिस्टम एक्टिव हो गया है। इसके चलते अच्छी बारिश हो रही है। सोमवार को प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इनमें पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के अलावा नेपाल से सटे जिले शामिल हैं। शनिवार को लखनऊ, अलीगढ़, प्रयागराज समेत 55 शहरों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 6.8 मिमी बारिश हुई। अब तक प्रदेश में 543.6 मिमी बारिश हुई। यह औसत अनुमान 548.4 मिमी से 1 प्रतिशत कम है।

# थाना सुनगढ़ी का त्रैमासिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**पीलीभीत।** रविवार को थाना सुनगढ़ी का सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी द्वारा ? त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण कर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण में थाने पर बेतरतीब खड़े वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा करने और उनकी अपराध संख्या अंकित कर नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित माल मुकदमाती को न्यायालय से प्राप्त आदेशों के अनुसार निस्तारित कराने पर भी जोर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर ने थाने की टूटी नालियों की मरम्मत कराने, जीर्ण-शीर्ण आवासों को कंडम घोषित करने, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई, थाने के अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने और कर्मचारियों के बैरिक व शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त थाने के मेस में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान समग्र रूप से थाने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व व्यवस्थित बनाने पर बल दिया गया।

# शार्ट न्यूज

## फरार चार आरोपीयों पर 25-25 हजार का इनाम

**ललितपुर।** थाना कोतवाली ललितपुर के 04 वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु एसपी ने 25-25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया। थाना कोतवाली में अभियुक्तगण, अजय कुमार स्वर्णकार पुत्र सुरेशचन्द्र स्वर्णकार नि0 काशानाथ मोहल्ला थाना कोतवाली व जिला जालौन, अरविन्द कुमार कुशवाहा पुत्र सूरज सिंह नि0 नया पाठकपुरा कोंच रोड थाना कोतवाली उरई जिला जालौन, मानवेन्द्र द्विवेदी पुत्र राजेश द्विवेदी नि0 मिझौना थाना कोतवाली माधौगढ़ जिला जालौन, शशिभानू पुत्र इन्दल सिंह नि0 ग्राम हरदोई राजा थाना कोतवाली व जिला जालौन के विरूद्ध मु0अ0सं0 612/2024 धारा 111/318/61(2)/352/351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत हैं, जिसमें अभियुक्तगण उपरोक्त वांछित है । अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा टीमों का गठन किया गया है तथा गिरफ्तारी हेतु 25-25 हजार रूपये की धनराशि का ईनाम घोषित किया गया है ।जिसकी सूचना पुलिस को देने वाले को 25 हजार रूपये के इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा ।

## अवैध गांजा सप्लायर को धर दबोचा

### इंस्पेक्टर भीटी को मिल रही ताबड़तोड़ सफलता

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**




**अंबेडकर नगर।** शनिवार को भीटी कोतवाली पुलिस को प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पाण्डेय के नेतृत्व बड़ी सफलता हाथ लगी।स्थानीय थाना क्षेत्र के सिगव नपुर पुरुषोत्तम पट्टी निवासी गौरव वर्मा पुत्र विक्रम वर्मा को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ सैनपुर कामसराय रोड पर गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में लगातार अवैध रूप से बिक रहे नशीले पदार्थों पर भीटी पुलिस नजर गड़ाए हुए थी,तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक शातिर गांजा सप्लायर 1 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ खड़ा है। सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक दुर्योधन लाल अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहे गौरव वर्मा को गिरफ्तार कर लिये ।उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में पुलिस की सफलता पर भीटी प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार पांडे की खूब सराहना हो रही है।

## फतेहपुर की मिनी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

**फतेहपुर।** फतेहपुर में रविवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि एक मंजिला मकान भरभराकर ढह गया। धमाके की आवाज करीब एक किलोमीटर तक गूंजी। आसपास के मकान तक हिल गए। हादसे के कारण मकान में पटाखा बना रहे दंपति गंभीर रूप से झुलस गए और मलबे में दब गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी पहुंची। पर तब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी। मलबे के नीचे से गंभीर रूप से झुलसे पति को बाहर निकालकर पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक पति की हालत भी बेहद गंभीर बनी हुई है। वह 90 प्रतिशत तक जल चुका है। दंपति पिछले 17 वर्ष से इस मकान में पटाखे बनाने का काम करते थे। शादी-पार्टियों में आतिशबाजी का ठेका लेते थे। दीपावली को देखते हुए इस बार भी वे पटाखे तैयार कर रहे थे। फिलहाल मौके पर पुलिस का रेस्क्यू वर्क जारी है।

## घर के अंदर बुजुर्ग मां-बेटे के शव मिले

**लखनऊ।** लखनऊ में घर के अंदर बुजुर्ग मां-बेटे के शव मिले हैं। करीब 30 घंटे तक शव घर में ही पड़े रहे। जब पूरे दिन घर से कोई नहीं निकला तो पड़ोसियों ने जाकर देखा। उनकी सूचना के बाद पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया। घर में दोनों के साथ एक पालतू कुत्ता भी रहता था। वह घर में बंद था। मामला रविंद्रपल्ली का है। यहां असीम चक्रवर्ती (65) अपनी मां बेला चक्रवर्ती (90) के साथ रहते थे। शनिवार को पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस एम्बुलेंस बुलाई और स्थानीय लोगों की मदद से घर के अंदर गई। मृतकों के रिश्तेदार ने शव लेने से मना कर दिया है। घर के अंदर असीम चक्रवर्ती की मां बेला चक्रवर्ती (90) भी सोफे पर बेहोश पड़ी मिलीं। दोनों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## जौनपुर के युवक की प्रयागराज में मौत

**जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के पिपरौल गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह(40)जो कानपुर की एक कंपनी में लोहे की कटिंग मशीन चलाने का काम करते थे, ड्यूटी के दौरान घायल प्रमोद की प्रयागराज के एक अस्पताल में मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब प्रमोद कुमार सिंह प्रयागराज के मेजा में काम कर रहे थे और अचानक उनके ऊपर लोहे का एंगल गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रमोद कुमार सिंह के परिवार में उनकी बूढ़ी मां, 55 वर्षीय पिता वंशराज जो अस्वस्थ हैं, पत्नी अंतिमा 37, और तीन छोटे बच्चे प्राची 14, लक्ष्मी 8 और अभय 5 हैं। प्रमोद अपने पिता की तीन संतानों में सबसे छोटे थे और उनके अलग रहने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के सामने अब बच्चों के भविष्य और बूढ़े मां-बाप की देखभाल की बड़ी चुनौती है। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## मऊ स्टेशन पर मिला अकेला नाबालिग

**मऊ।** मऊ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ को एक अकेला नाबालिग बच्चा मिला। प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ ए के सिंह, उप निरीक्षक विकास कुमार यादव और महिला हेड कांस्टेबल अनिता गश्त के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के सामने पहुंचे। शाम 4ः35 बजे यात्रियों के बीच एक अकेला बच्चा दिखा। आरपीएफ कर्मियों ने उससे स्नेहपूर्वक पूछताछ की। बच्चा धीमी आवाज में कुछ कहने की कोशिश कर रहा था, लेकिन कुछ समझ नहीं आ रहा था। करीब 10 साल का यह बच्चा न तो अपना नाम बता पाया और न ही परिवार या रिश्तेदारों का कोई मोबाइल नंबर। आरपीएफ ने तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन मऊ को सूचना दी।

# व्यापारियों व ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासनिक बैठक आयोजित



**पीलीभीत।** शहर में व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को लेकर रविवार को स्टेशन रोड तथा पीलीभीत-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो अलग-अलग बैठकों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकार नगर दीपक चतुर्वेदी, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, थाना सुनगढ़ी के अधिकारी, यातायात पुलिस, एआरटीओ, नगर पालिका और विद्युत विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे। व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों ने सड़क की जर्जर हालत, अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधाओं और स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। अधिकारियों ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करेंगे ।बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों व ट्रांसपोर्टरों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके कार्यों को सुचारू ढंग से संचालित कराने का था। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सड़क और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जहां इलाज पहुंचा मुश्किल से, वहां उम्मीद बना स्वास्थ्य शिविर

## 400 से अधिक मरीजों ने कराई जांच, दवाएं और परामर्श मिले नि: शुल्क



**पीलीभीत/पूरनपुर।** गांव-देहात में स्वास्थ्य सेवाएं जहां पहुंचना मुश्किल होती हैं, वहीं रविवार को पिपरिया दूलई के पंचायत भवन में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए राहत की नई किरण बनकर आया। शिविर का आयोजन भारतीय किसान यूनियन भानु के बैनर तले किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से चिकित्सक टीम मौजूद रही और करीब 400 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गईं।

शिविर में डॉ. डी.पी. त्रिपाठी, डॉ. सतीश सिंह (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. मनीष राज शर्मा (चिकित्सा प्रभारी), पूजा (ष्ट।ह्र), पूर्वांशी (ष्ट।ह्र), फरीद अहमद (ष्ट।ह्र), आरिफ (एल.ए.), आरबी सिंह (एन.एम.एस.), आरती आर्य (एएनएम.), पप्पी (आशा संघनी), कुसुम देवल, सीमा सिंह, अलका सिंह, कामनी सिंह, धर्मवती और लक्ष्मी दीक्षित सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया।

### मंडल अध्यक्ष की देखरेख में आयोजन

कैंप का आयोजन किसान यूनियन भानु के मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा की देखरेख में हुआ।

इस दौरान तहसील उपाध्यक्ष कुलदीप, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खां सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में न केवल मरीजों की जांच की गई, बल्कि जरूरतमंद लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

शिविर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्ग के लोग पहुंचे। खासकर आंखों, ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में आए।

महिलाओं के लिए अलग से परामर्श सत्र आयोजित हुआ, जिसमें गर्भवती और धात्री माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को खानपान, साफ-सफाई और बरसाती बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए।

ग्रामीणों का कहना था कि गांवों में महंगे इलाज की चिंता अक्सर गरीब तबके को सताती है, ऐसे में इस तरह के शिविर वरदान साबित होते हैं। संगठन पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि आगे भी विभिन्न गांवों में इसी तरह के कैंप लगाए जाएंगे।

# पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा ने आयोजित की पीडीए पंचायत

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने भाजपा पर बोला हमला, कहा महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर



**पीलीभीत।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेशानुसार रविवार को 129 विधानसभा पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम सिमरिया अजितपुर बिल्हा में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय यादव ने की।

पंचायत के संयोजक समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार राजू ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी और पीडीए विरोधी है। सत्ता में आने के बाद से ही समाज को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को पिछड़े, अगड़े और दलितों तक पहुंचाना है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरशद खां रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव मौजूद रहे। इस मौके पर महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार, ओमप्रकाश यादव एडवोकेट, सतीश चंद्र वर्मा, दामोदर प्रसाद यादव एडवोकेट, भगवान शरण यादव एडवोकेट, मीता सिंह, मीनू शर्मा, पुष्पा देवी, मिथलेश कुमारी, जयपाल सिंह, अनिल शर्मा, डॉ. इकबाल, ओम शर्मा, मोहम्मद तसलीम, प्रशांत अवस्थी, दिनेश कुमार वर्मा, भगवानदीन वर्मा, लवी यादव, ध्रुव यादव, हरिओम वर्मा, बद्रीप्रसाद, प्रेमपाल यादव, रामशरण, सुमित कुमार पाल, संजय वर्मा, जवाहरलाल, गुल रज़ा, हरनारायण, रामसरन, उस्मान शाह, हर्नाथ यादव, वसंत भारती, ओंकार भारती, विमला देवी, अशोक वर्मा, रजनीश यादव, शिवकुमार वर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला..फिर सुसाइड किया

गंभीर हालत में महिला बदायूं में भर्ती, ढाई महीने पहले दोनों ने की थी लव मैरिज

**संभल।** संभल के बहजोई कस्बे में एक पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े ने खूनी रूप ले लिया। पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और बाद में खुद आत्महत्या कर ली। 21 वर्षीय करन मौर्या ने अपनी पत्नी सपना के गले पर चाकू से वार किया। घटना के बाद सपना किसी तरह वहां से भागने में सफल रही और ई-रिक्शा से अपने मायके पहुंची। वहीं करन ने घर में ही आत्महत्या कर ली। सपना का बदायूं मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

करन बहजोई क्षेत्र के गांव दिलबोरा का रहने वाला था और कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करता था। सपना बदायूं के इस्लामनगर क्षेत्र के गांव महरोला की रहने वाली है। दोनों ने ढाई महीने पहले लव मैरिज की थी। करन मौर्या जाति का था, जबकि सपना जाटव समाज से है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा और इंस्पेक्टर हरीश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अन्नदाताओं का फूटा गुस्सा, राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

## सचिव की मनमानी से आक्रोशित हुए किसान



**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** भीटी तहसील क्षेत्र के महरुआ कस्बे में स्थित साधन सहकारी समिति पर रविवार को अन्नदाताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समिति के सचिव की मनमानी से परेशान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग टांडा बांदा को जाम कर दिया।राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होते ही जिम्मेदारों के हाथ पांव फूल गए,घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर मौके पर पहुंचे तथा स्थिति पर नियंत्रण किया शांति व्यवस्था कायम किया ।महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने अपनी बेस्ट पुलिसिंग तथा सूझबूझ का परिचय देते हुए किसानों को शांत कराया और रोड जाम समाप्त कराया ।उन्होंने उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि सभी को लाइन लगाकर क्रमवार यूरिया खाद दी जाएगी किसी को निराश होकर घर वापस नहीं लौटना पड़ेगा पर्याप्त मात्रा में यूरिया गोदाम में उपलब्ध है ।वहीं किसानों ने थाना अध्यक्ष से कहा कि सचिव तीन दिन से लाइन लगवाते हैं,और खाद का वितरण पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के किसानों को करते हैं,शाम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। किसानों ने सचिव पर मनमानी पूर्ण व्यवहार का भी आरोप लगाया। थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर ने मामले को शांत कराकर समिति पर उपनिरीक्षक सतीश शुक्ला,मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार शर्मा,मुख्य आरक्षी अखंड प्रताप सिंह,नितिन सिंह को ड्यूटी पर लगाते हुए स्वयं बैठकर खाद वितरण संपन्न कराया। तथा दिनभर समिति पर हो रही यूरिया खाद वितरण पर नजर बनाए रखी तथा शांतिपूर्वक यूरिया खाद वितरण संपन्न कराया ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महरुआ क्षेत्र के किसानों में सचिव की मनमानी को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है,किसान सचिव के व्यवहार से संतुष्ट नहीं हैं ।कुछ किसानों ने इस बाबत उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है।

# मथुरा रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बच्ची आगरा में मिली

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन से 22 अगस्त को चोरी हुई एक साल की बच्ची को आगरा से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी सतीश को भी गिरफ्तार कर लिया है। वह धौलपुर का रहने वाला है। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वारदात के समय मां दो बेटियों के साथ प्लेटफार्म पर सो रही थी। रात 10 बजे बच्चियों को छोड़कर मां वॉशरूम चली गई। वापस आई तो देखा बेटी को आरोपी ले जा रहा था। महिला ने शोर मचा दिया। इसके बाद आरोपी बच्ची को लेकर भागने लगा। महिला भी उसे पकड़ने के लिए पीछे-पीछे दौड़ी, तभी जंक्शन पर खड़ी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस चल दी।

# डीएम ने अधिकारियों की ली सण्डे क्लास

## जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने वालों को शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर कराया निस्तारण




**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए की जा रही पहल लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी क्रम में उन्होंने गत दिनों में प्राप्त 175 शिकायतों की गहन समीक्षा रविवार को अवकाश के दिन भी की, जिसमें से जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से 104 शिकायतें पहले ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दी गईं थीं, शेष लम्बित व असंतुष्ट 84 शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी व उनके शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए। इस विशेष जनसुनवाई में उन्होंने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाया और प्रत्येक मामले की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया, वहीं निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। समीक्षा के दौरान कई शिकायतों का समाधान तत्काल मौके पर ही कर दिया गया। जिन शिकायतकर्ताओं की समस्याएँ लंबे समय से लंबित थीं, वे जिलाधिकारी की सक्रियता से प्रभावित होकर भावुक हो उठे और हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहली बार उन्हें यह अनुभव हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुनता है और उसी समय समाधान सुनिश्चित करता है। कुछ शिकायतें जो पूर्व में प्राप्त हुई थीं, जिनका निस्तारण हो चुका था, उनके शिकायतकर्ता संतुष्ट होकर जिलाधिकारी को धन्यवाद देने उपस्थित हुए थे।

# यूरिया खाद पाकार किसानों के खिले चेहरे, सुव्यवस्थित खाद वितरण से किसानों में खुशी

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**






**अंबेडकर नगर।** भीटी तहसील क्षेत्र के भीटी कस्बा स्थित बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति( बी पैक्स) पर सुबह से ही यूरिया खाद के लिए किसानों की भीड़ हुई जमा हो गई थी। किसानों में खाद पाने के लिए होड़ मची हुई थी,परंतु समिति के प्रबंधन की कुशल व चुस्त दुरुस्त व्यवस्था के चलते कतारबद्ध लाइन लगाकर सभी किसानों को कुशलता पूर्वक खाद का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा था ।उक्त समिति के अध्यक्ष अरविंद दुबे स्वयं समिति पर मौजूद रहकर बरसते पानी में एक-एक करके किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया खाद उपलब्ध कराई। समिति के सचिव नीरज त्रिपाठी ने बताया कि हर किसान को खाद उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है जिसके क्रम में समिति पर सभी को लाइन में लगाकर खाद का वितरण सुबह से किया जा रहा है ।किसानों से बात करने पर पता चला कि सभी को नंबर के अनुसार खाद मिल रही है किसी को कोई दिक्कत नहीं है ।सचिव नीरज त्रिपाठी ने बताया कि हमारे यहां सभी किसानों की स्थिति एक समान है बारी आने पर सभी को क्रमवार यूरिया खाद उपलब्ध कराई जा रही है ।उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण और पर्यवेक्षण किया जा रहा है कहीं से कोई दिक्कत या समस्या नहीं है ।सचिव नीरज त्रिपाठी ने कहा कि जितने लोग मौजूद हैं उससे ज्यादा खाद का भंडार हमारे गोदाम में है अभी कुछ देर में सभी को खाद वितरित कर दी जाएगी ।वहीं किसान प्रदीप दुबे,प्रमोद सिंह,विपिन सिंह,प्रदीप सिंह,हनुमान तिवारी भीम सिंह आदि किसानों ने बताया कि समिति की व्यवस्था बहुत ही बेहतर है सभी को यूरिया खाद मिल रहीहै ।खाद्य वितरण कार्य में सचिव अरविंद दुबे हैप्पी तिवारी अशोक वर्मा गुड्डु शत्रुघ्न सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरिक्ष में गुप्त मुहिम पर रवाना हुआ अमेरिकी शटल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरिक्ष में गोपनीय प्रयोग करने के लिए एक और अमेरिकी सैन्य 'मिनी शटल' प्रक्षेपित किया गया। स्पेसएक्स द्वारा भेजे गए इस अंतरिक्ष यान ने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से अकेले ही उड़ान भरी। अमेरिकी अंतरिक्ष बल के अनुसार, यह बिना जीपीएस के लेजर संचार और सुरक्षित नौवहन का परीक्षण करेगा। अभी स्पष्ट नहीं है कि यह मिनी शटल कब तक अंतरिक्ष में रहेगा। आखिरी एक्स-37बी यान मार्च में जमीन पर लौटने से पहले लगभग एक साल तक पृथ्वी की परिक्रमा करता रहा था।

### ट्रंप के 34 शहरों की फंडिंग काटने के फैसले पर जज ने लगाई रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के बोस्टन, शिकागो, डेनवर, लॉस एंजिलिस जैसे 34 शहरों और काउंटी की फंडिंग काटने के फैसले पर रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन ने संघीय आव्रजन प्रयासों में सहयोग न करने की नीतियों के चलते इन शहरों को मिलने वाली संघीय फंडिंग में कटौती का एलान किया था। सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी जिला न्यायाधीश विलियम ऑरिक ने यह आदेश दिया। जज ने अपने पहले के आदेश में सैन फ्रांसिस्को, पोर्टलैंड और सिएटल सहित एक दर्जन से अधिक अन्य शहरों और काउंटियों को संरक्षण प्रदान किया था।

### ट्रंप ने फिर अलापा भारत-पाकिस्तान सीजफायर कराने का राग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक सवाल पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, टैंगो के लिए दो लोगों की ज़रूरत होती है। मैं उन दोनों (पुतिन-जेलेंस्की) के साथ एक बैठक करना चाहता था... लेकिन कई लोगों को लगता है कि उस बैठक से कुछ नहीं होगा... इसी के साथ ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में भूमिका निभाने का दावा किया। उन्होंने कहा, हमने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध की संभावना को खत्म कर दिया है... मैंने सभी समस्याओं का समाधान कर दिया है...। दो हफ्ते बाद हमें पता चल जाएगा कि वे किस तरफ जा रहे हैं।

### इस्राइल पर सख्त कदम न उठा पाने पर डच विदेश मंत्री का इस्तीफा, सरकार में मचा हड़कंप

**एम्स्टर्डम , एजेंसी।** नीदरलैंड के विदेश मंत्री कास्पर वेल्डकैंप ने शुक्रवार शाम अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वे गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल पर नए प्रतिबंध लगाने में नाकाम रहे। वेल्डकैंप ने संसद को पहले ही जानकारी दी थी कि वे इस्राइल के गाजा सिटी और अन्य घनी आबादी वाले इलाकों में सैन्य कार्रवाई के जवाब में कुछ कड़े कदम उठाना चाहते हैं। लेकिन उन्हें अपने गठबंधन दलों का समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण वे प्रस्ताव लागू नहीं कर सके। एक समय में इस्राइल में राजदूत रहे 61 वर्षीय राजदूत वेल्डकैंप ने कहा कि मैं खुद वो नीति लागू नहीं कर पा रहा हूं, जिसे मैं ज़रूरी मानता हूं, इसलिए इस्तीफा देना ही उचित है।

### कोस्टा रिका के इतिहास में पहली बार, भ्रष्टाचार के आरोपों में मौजूदा राष्ट्रपति खुद पेश हुए

**सैन जोस, एजेंसी।** कोस्टा रिका में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति ने खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सांसदों के सामने जाकर अपना बचाव किया है। राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस शुक्रवार को संसद की एक विशेष समिति के सामने पेश हुए, जो यह तय कर रही है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उनकी इम्युनिटी (संवैधानिक छूट) हटाई जाए या नहीं। बता दें कि देश के अटॉर्नी जनरल और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने मांग की है कि चावेस की इम्युनिटी हटाई जाए ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। उनका आरोप है कि राष्ट्रपति चावेस ने एक प्रोड्यूसर पर दबाव डाला कि वह सेंट्रल अमेरिकन बैंक फॉर इकोनॉमिक इंटीग्रेशन से मिले कॉन्ट्रैक्ट का कुछ हिस्सा उनके पूर्व चुनाव सलाहकार को दे। चावेस ने सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि यह सब एक राजनीतिक बदले की साजिश है। उन्होंने कहा कि देश में कई भ्रष्टाचार के मामले वर्षों से लंबित हैं और ड्रग माफिया भी बिना सजा के छूट जाते हैं, लेकिन उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

# सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी

## दक्षिण कोरिया पर लगा तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी हुई। उत्तर कोरिया का आरोप है कि जब हमारे सैनिक सीमा पर बैरियर लगा रहे थे तो दक्षिण कोरिया के सैनिकों ने गोलियां चलाईं। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को जोंग चोल ने कहा कि गोलीबारी दक्षिण कोरिया-अमेरिका के ग्रीष्मकालीन सैन्य अभ्यास के साथ हुई है। उत्तर कोरिया की आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक कोरियाई देशों के बीच क्षेत्र को पूरी तरह से अलग करने के लिए दक्षिणी सीमा को स्थायी रूप से अवरुद्ध कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत सीमा पर काम चल रहा है। तभी दक्षिण कोरिया ने एक ऑडियो चेतावनी और चेतावनी गोलीबारी के साथ जवाब दिया।

को ने कहा कि उत्तर कोरिया ने आकस्मिक झड़पों को रोकने के लिए 25 जून और 18 जुलाई को सीमा पर कार्य करने की अपनी योजना के बारे में दक्षिण में अमेरिकी सेना को सूचित कर दिया है। दक्षिणी सीमा प्रबंधन और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कमांडिंग अधिकारी के रूप में मैं मांग करता हूं कि दक्षिण कोरिया इस खतरनाक उकसावे को तुरंत रोके। इसका





उद्देश्य दक्षिणी सीमा पर किलेबंदी परियोजना को तनाव बढ़ाने का बहाना बनाना है, जो हमारी संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक है।

### दक्षिण कोरिया का जवाब

दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने पुष्टि की कि उन्होंने मंगलवार दोपहर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, क्योंकि वे कुछ समय के लिए मध्य सीमा क्षेत्र में सैन्य सीमांकन रेखा को पार कर गए थे। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि सैनिक बिना किसी घटना के उत्तर कोरियाई क्षेत्र में लौट आये। उत्तर कोरिया ने भी जवाबी गोलीबारी नहीं की।हाल के महीनों में दक्षिण कोरिया की सेना ने कभी-कभी सैन्य सीमांकन रेखा पार करने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों को पीछे हटाने के लिए लाउडस्पीकर से चेतावनी दी है और गोलियां भी चलाई हैं। उत्तर कोरियाई सैनिक बढ़ते तनाव के बीच सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए टैंक रोधी बैरियरों का निर्माण कर रहे थे। बारूदी सुरंगें बिछा रहे थे और अन्य कार्य कर रहे थे।

### बढ़ रही दुश्मनी

कोरियाई देशों के बीच दुश्मनी अब चरम पर है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन अपनी सैन्य परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को लेकर रूस के साथ खड़े हैं।

वहीं पिछले साल किम ने एलान किया था कि उत्तर कोरिया दोनों कोरियाओं के बीच शांतिपूर्ण एकीकरण के अपने लक्ष्य को छोड़ रहा है और दक्षिण कोरिया को एक स्थायी दुश्मन मान रहा है। उन्होंने उत्तर कोरिया के संविधान को फिर से लिखने का आदेश दिया था। किम सरकार ने दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यांग के कूटनीतिक प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। म्युंग ने कहा था कि सीमा पर तनाव को कम करने के लिए दक्षिण कोरिया 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते को बहाल करने का प्रयास करेगा। उन्होंने उत्तर कोरिया से विश्वास का पुनर्निर्माण करने और बातचीत को फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।



## न्यूयॉर्क में टूरिस्ट बस पलटी, 5 की मौत:बस में भारतीय भी थे, ड्राइवर के कंट्रोल खोने से हुआ हादसा

**अल्बानी, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में शुक्रवार को नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

**बस में ज्यादातर यात्री भारत, चीन और फिलिपींस के :** न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस के प्रवक्ता ट्रूपर जेम्स ओ'कालाघन ने बताया, बस में बच्चे भी थे। अधिकांश यात्री भारत, चीन और फिलिपींस मूल के थे। घायलों को हेलिकॉप्टर और एम्बुलेंस से बफैलो के एरी काउंटी मेडिकल सेंटर और आसपास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। दोपहर 2:10 बजे तक कम से कम आठ मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ओ'कालाघन ने कहा, यह एक बड़ी पर्यटक बस थी, जिसमें भारी नुकसान हुआ।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने एक्स पर लिखा कि उन्हें इस दुखद दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई है और उनका कार्यालय, पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक चश्मदीद, मदीना के पॉवेल स्टीफंस ने बताया कि सड़क पर टूटी खिड़कियां, बिखरा सामान और मलबा था। हादसे के कारण रोड बंद कर दी गई। ड्राइवरों को इस इलाके से न गुजरे की सलाह दी गई। बचाव कार्य अभी भी जारी है।

# मस्क-ट्रम्प को लड़वाया, अब भारत में अमेरिकी राजदूत बने सर्जियो

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं।

पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है।

गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- ट्रम्प की अमेरिकी फर्स्ट नीति के समर्थक हैं गोर । गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई है। गोर ट्रम्प के खास माने जाते हैं। गोर ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं। साथ ही उन्होंने ट्रम्प प्रशासन में ऑफिसर्स की नियुक्ति करने में भी योगदान दिया है।

माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा



सकते हैं। इनकी नियुक्ति को ट्रम्प प्रशासन की रणनीति से जोड़ा जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प अपने करीबियों को अहम कूटनीतिक पदों पर बिठाकर अपनी ताकत को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। सर्जियो गोर पहली बार अमेरिकी राजनीति और मीडिया में 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान चर्चा में आए थे। ट्रम्प ने उन्हें कैंपेन एडवाइजर बनाया था। बाद में वे ट्रम्प के पर्सनल चीफ बने। तब गोर की जिम्मेदारी थी कि अगर ट्रम्प जीतते हैं तो नए प्रशासन में किसे-किसे नियुक्त किया जाए। यानी उनका काम था हजोरों पदों के लिए नाम चुनना और यह जांचना कि उनकी ट्रम्प में कितनी निष्ठा है।

जैसे ही गोर को यह जिम्मेदारी मिली अमेरिकी और यूरोपीय मीडिया ने उनकी 'जन्मकुंडली' खंगालनी शुरू की। तब पता चला कि उनका असली नाम सर्जियो गोरोखोव्सकी है। उनका जन्म 1986 में ताशकंद, उज्बेकिस्तान में हुआ था, यह तब सोवियत संघ का हिस्सा था। हैरानी की बात ये थी कि गोर हमेशा दावा करते आए हैं कि वे माल्टा (यूरोपीय देश) में जन्मे हैं। जब इस मामले ने तूल पकड़ा तो माल्टा सरकार खुद एक्शन में आई और कहा कि उनके पास गोर के जन्म का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

इसके बाद गोर की जन्म से जुड़े ताशकंद वाले रिकॉर्ड सामने आ गए। तब गोर ने पहली बार माना कि वे माल्टा में पैदा नहीं हुए थे। उनके वकील रोबर्ट गार्सन ने मीडिया को बताया कि सर्जियो गोर का जन्म ताशकंद में हुआ था, लेकिन वह कुछ ही समय बाद माल्टा आ गए थे। उनकी पढ़ाई वहीं से हुई है इसलिए अपनी पहचान माल्टा से बताते हैं।

मार्च में व्हाइट हाउस की एक कैबिनेट मीटिंग के दौरान मस्क और गोर के बीच बहस हो गई थी। मस्क ने कहा था कि गोर जिस तरह से लोगों को व्हाइट हाउस में नौकरी पर ला रहे हैं, वह ठीक नहीं है। यह बात सुनकर गोर नाराज हो गए और उन्होंने गुस्से में कहा कि वे मस्क से बदला लेंगे। इसके बाद मस्क ने साफ कह दिया कि वह गोर के साथ व्हाइट हाउस में काम नहीं करेंगे। इसके बाद 30 मई को मस्क ने अपने बनाए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी से इस्तीफा दे दिया।

# राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है, हम इससे चिंतित हैं: पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जॉन केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है। भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है।

केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं। भारत ने कई अमेरिकी आयातों पर शून्य पेशकश की है, यह एक बड़ा



बदलाव है।

ये अधिकारी भी जता चुके चिंता

इससे पहले व्हाइट हाउस के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जॉन बोल्टन ने कहा था कि ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाए, लेकिन चीन पर नहीं लगाए जो रूस से काफी ज्यादा तेल खरीदता है, तो इससे भारत को शायद चीन-रूस के गठबंधन की ओर धकेल दिया गया। ट्रंप प्रशासन की यह रणनीतिक चूक अनावश्यक गलती है। अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञ और पूर्व अमेरिकी व्यापार अधिकारी क्रिस्टोफर पैडिला ने भी चेतावनी दी थी कि टैरिफ से भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचने का खतरा हो सकता है। उन्हें डर था कि इससे बाद में यह सवाल उठ सकता है कि क्या अमेरिका एक विश्वसनीय साझेदार है, क्योंकि ये टैरिफ हमेशा के लिए याद रह जाएंगे।

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ट्रंप के कदम की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिक्स के महान एकीकरणकर्ता हैं। उन्होंने टैरिफ को अमेरिकी विदेश नीति में सबसे मूर्खतापूर्ण रणनीतिक कदम कहा।

## लीबिया में मालिक ने मजदूर पर छोड़ा खूंखार शेर

**त्रिपोली, एजेंसी।** उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में हाल ही में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक खेत मालिक ने अपने पालतू शेर को एक मिस्री मज़दूर पर छोड़ दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद लीबिया और मिस्र के लोग गुस्से से भड़क उठे। आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। 30 सेकंड के इस वायरल वीडियो में एक शेर को एक व्यक्ति पर हमला करते देखा जा सकता है। इस दौरान शेर कई बार उस व्यक्ति को काटने की कोशिश करता है, लेकिन वह शांत रहकर खुद को बचाने की कोशिश करता रहता है। बताया जा रहा है कि कुछ देर तक चली जद्दोजहद के बाद, व्यक्ति ने किसी तरह खुद को शेर के चंगुल से बचाया।

### मलिका ने कहा- यह एक शरारत थी

गल्फ न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी खेत मालिक ने इस घटना को शरारत बताया, लेकिन सरकारी वकील ने इसे सत्ता का गंभीर दुरुपयोग और जन सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है।

### तुरंत सज़ा की मांग उठी

सोशल मीडिया पर इस वीडियो के आते ही नेटिज़न्स गुस्से से भर गए। एक यूज़र ने इसे मानव जीवन के साथ खिलवाड़ बताया और आरोपी को तुरंत सज़ा देने की मांग की। वहीं, कई लोगों ने शेर के हमले के बावजूद मज़दूर के शांत रहने पर आश्चर्य जताया, लेकिन यह भी कहा कि स्थिति कभी भी ख़तरनाक हो सकती थी।

### खेत मालिक पर कई गंभीर आरोप

पुलिस ने खेत मालिक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें मानव जीवन को ख़तरे में डालना, दहशत फैलाना और मनोवैज्ञानिक व सामाजिक नुकसान पहुँचाना शामिल है। उन पर धार्मिक और नागरिक क़ानूनों का उल्लंघन करने का भी आरोप है।

# ईरान के हमले पर रिपोर्ट से नाराज थे ट्रंप, रक्षा मंत्री ने खुफिया अफसर जेफरी को बर्खास्त किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को बर्खास्त कर दिया है। क्योंकि उनकी एजेंसी के अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को हुए नुकसान के शुरुआती खुफिया आकलन से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाराज थे। पीट हेगसेथ के इस फैसले से परिचित दो लोगों ने इस संबंध में जानकारी दी।

हेगसेथ द्वारा बर्खास्त करने के बाद अब क्रूस अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी के प्रमुख नहीं रहेंगे। दोनों लोगों ने यह जानकारी नाम न छापने की शर्त पर दी, क्योंकि उन्हें इस बारे में सार्वजनिक रूप से बोलने का अधिकार नहीं था। क्रूस की ओर से ईरान पर परमाणु हमलों के बाद कहा गया था कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। जबकि राष्ट्रपति





डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि हमलों से ईरान के परमाणु ठिकाने पूरी तरह से तबाह हो गए।

एक अधिकारी ने बताया कि क्रूस अब अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के निदेशक के तौर पर काम नहीं कर सकेंगे। डीआईए के निदेशक बनने से पहले क्रूस राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के सैन्य मामलों के सलाहकार रह चुके हैं। उन्होंने इस्लामिक स्टेट जिहादी समूह के खिलाफ गठबंधन के लिए खुफिया निदेशक, अमेरिकी यूरोपीय कमान के प्रमुख के वरिष्ठ विशेष सलाहकार जैसे पदों पर भी काम किया है।डीआईए की रिपोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल खड़े किए थे। इसे लेकर रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा था कि रिपोर्ट जानबूझकर लीक की गई थी, ताकि यह दिखाया जा सके कि हमला सफल नहीं हुआ है। ट्रंप जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद से अब तक कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर चुके हैं। इसमें ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन समेत नौसेना और तटरक्षक बल के प्रमुख, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख जनरल, वायु सेना के उप-प्रमुख, नाटो में नियुक्त नौसेना के एडमिरल और तीन शीर्ष सैन्य वकील शामिल हैं। हाल ही में सेना के चीफ ऑफ स्टाफ ने भी बिना किसी स्पष्टीकरण के अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा कर दी।

## बांग्लादेश में मीडिया पर शिकंजा: हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने कहा, टेलीविजन चैनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है।

**पिछले साल अवामी लीग की गिर गई थी सरकार :** गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं।

इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे।

**मुहम्मद यूनुस ने फरवरी 2026 में चुनाव की घोषणा की :** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

# चेतेश्वर पुजारा को संन्यास पर भारतीय क्रिकेटरों ने दी बधाई, 'तूफान के दौरान वह डटे रहे'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने रविवार को चेतेश्वर पुजारा को भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा पर बधाई दी। पुजारा टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने करियर में 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वोच्च स्कोर 206* रहा।

गंभीर ने अपने एक्स पर लिखा, 'तूफान के दौरान वह डटे रहे, उम्मीदें खत्म होने पर उन्होंने संघर्ष किया। बधाई हो, पुजारी।' चेतेश्वर पुजारा ने 9 अक्टूबर 2010 को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्हें 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। उन्होंने अपने मजबूत डिफेंस और तकनीक से ऑस्ट्रेलिया को परेशान किया था।

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पुजारा के इस शानदार टेस्ट करियर की सराहना करते हुए कहा, 'शानदार टेस्ट करियर के लिए बधाई चेतेश्वर पुजारा आपका धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत प्रेरणादायक थी और आपने जो हासिल किया है उस पर आपको बहुत गर्व हो सकता है। एक यादगार दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं।'

दिग्गज भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, 'कोई ऐसा व्यक्ति जिसने हमेशा देश के लिए अपना मन, शरीर और आत्मा लगा दी! एक शानदार करियर के लिए बहुत-बहुत बधाई, पुजी! आपसे दूसरी तरफ मिलते हैं!'

2018/18 बीजीटी में भारतीय लाल गेंद के दिग्गज ने चार मैचों में 74.42 की औसत, 3 शतक और एक अर्धशतक के साथ 521 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 193 रन रहा। 2020-21 सीरीज में उन्होंने चार मैचों में 33.87 की औसत से 271 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक और 77 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल था। गाबा में खेले गए अंतिम टेस्ट में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के कई प्रहार झेले, जिससे यह जीत और भी यादगार बन गई।

अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'एक शानदार करियर चेतेश्वर पुजारा आपने जो हासिल किया, उस पर आपको बहुत गर्व होना चाहिए और आपको दूसरी पारी की हार्दिक शुभकामनाएं।'

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने पुजारा के शानदार करियर के लिए उन्हें नमन किया। जाफर ने एक पोस्ट में लिखा, 'अपने नाम के पहले, अपनी तरह के आखिरी चेतेश्वर पुजारा, शानदार करियर के लिए नमन। भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए आपने जो हासिल किया, उस पर आपको बहुत गर्व होना चाहिए। बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'



पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी पुजारा को बधाई दी। रैना ने एक पोस्ट में लिखा, 'शानदार करियर के लिए बधाई भाई चेतेश्वर पुजारा आपको और आपके परिवार को शुभकामनाएं।'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा चेतेश्वर पुजारा घरेलू क्रिकेट में एक दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने 278 प्रथम श्रेणी मैचों में 51.82 की औसत से 21301 रन बनाए हैं। लाल गेंद के इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 66 शतक और 81 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 352 रन रहा है।

# ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श ने रचा इतिहास, द. अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग साझेदारी की



**मैके (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में आखिरकार अपनी लय पकड़ ली। ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श ने सलामी जोड़ी के रूप में 250 रन जोड़कर इतिहास रच दिया।

मार्श और हेड ने मैके में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। ??दोनों ने पहले विकेट के लिए 250 रनों की शानदार साझेदारी की, जो ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक रिकॉर्ड से बस 34 रनों से दूर थी। यह वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है और यह पहली ऐसी साझेदारी है जिसमें डेविड वार्नर शामिल नहीं हैं। 2017 में वार्नर और ट्रैविस हेड ने पाकिस्तान के खिलाफ एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के लिए पहले विकेट के लिए 284 रन बनाए थे।

हेड 103 गेंदों पर 142 रन बनाकर आउट हुए जबकि उनके जोड़ीदार और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श 106 गेंदों पर 100 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने अपनी पारी के दौरान 8000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए। हेड ने 177 मैचों में 40.73 की औसत और 85.87 के स्ट्राइक रेट से 8024 रन बनाए हैं, जिसमें सभी प्रारूपों में 12 शतक और 42 अर्द्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर, मार्श ने 96 मैचों में 37.03 की औसत से 3000 वनडे रन पूरे किए।

इन दोनों के आउट होने के बाद भी धमाकेदार प्रदर्शन जारी रहा क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। यह शतक ग्लेन मैक्सवेल द्वारा 2023 विश्व कप में नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में बनाए गए शतक के बाद बनाया गया है। ग्रीन ने तिहरे अंक तक पहुंचने के लिए 47 गेंदें लीं। वह ऑस्ट्रेलियाई पारी के अंत तक क्रीज पर नाबाद रहे और उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों में छह चौकों और आठ छक्कों की मदद से 118 रन बनाए। विकेटकीपर/बल्लेबाज एलेक्स कैरी के साथ उनकी 164* रनों की साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 431/2 का स्कोर बनाया, जो वनडे इतिहास का उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

# धोनी ने 2007 के बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास क्यों बंद किया, पूर्व भारतीय फील्डिंग कोच का खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं करते थे



और ऐसा उन्होंने 2007 के बाद से करना शुरू किया था। अगस्त 2014 से नवंबर 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे आर श्रीधर ने इस बात का खुलासा किया है।

श्रीधर ने बताया, 'एमएस धोनी ने 8 या 9 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं किया। जब वह बड़े हो रहे थे और 2007 या 2005 से पहले उन्होंने अपनी कोई खास पहचान नहीं बनाई थी, तब उन्होंने अपने विकेटकीपिंग कौशल पर काफी काम किया। उनकी अपनी एक बहुत अच्छी तकनीक थी। यह बहुत कारगर थी, और उन्होंने इसका खूब अभ्यास भी किया था।'

इस प्रतिष्ठित कोच ने बताया कि धोनी ने खुद इस बात को स्वीकार किया है। हालांकि ऐसा नहीं था कि उन्होंने बिल्कुल भी अभ्यास नहीं किया। वह नियमित रूप से प्रतिक्रिया अभ्यास करते थे जिसका मतलब था कि वह हर समय स्टंप के पीछे, खासकर स्पिनरों के सामने, चुस्त-दुरुस्त रहते थे।

श्रीधर ने आगे कहा, 'उन्होंने खुद स्वीकार किया कि एक बार जब उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना शुरू किया, तो काम का बोझ इतना ज्यादा था कि उन्हें ज्यादा अभ्यास करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनकी उंगलियां चोटिल हो रही थीं। तभी उन्होंने बड़ी ही चतुराई से विकेटकीपर के रूप में अपना काम का बोझ कम कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने कुछ प्रतिक्रिया अभ्यास किए, जिससे वह चुस्त-दुरुस्त रहे और उनके दस्तानों की गति बिजली की तरह तेज़ रही। अभ्यास न करना' सही शब्द नहीं है, लेकिन उन्होंने इसे कम कर दिया क्योंकि उन्हें पता था कि काम का बोझ बहुत ज्यादा है।'

# कूपर कोनोली ने 5 विकेट लेकर तोड़ा 38 साल पुराना रिकॉर्ड, दक्षिण अफ्रीका की करारी हार

**मैके (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** वियान मुल्डर और दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को मैके में हुए अंतिम वनडे में दक्षिण अफ्रीका की बेरहमी से करारी शिकस्त के बाद एक नया निम्नतम स्तर छुआ जबकि ऑस्ट्रेलिया के कूपर कोनोली ने नई ऊंचाइयों को छुआ। दक्षिण अफ्रीका के हाथों 2-0 की अजेय बढ़त गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में मेहमान टीम को कोई रियायत नहीं दी। कप्तान मिशेल मार्श और आक्रामक बल्लेबाज ट्रैविस हेड से दूर रही यह शानदार पारी तीसरे वनडे में लौट आई।



ऑस्ट्रेलिया ने 431/2 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। कोनोली ने अपने शानदार 5 विकेटों से दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने अपनी बाएं हाथ की पारंपरिक स्पिन गेंदों से मध्य क्रम को तहस-नहस कर दिया। 22 साल और दो दिन बाद कॉनॉली ऑस्ट्रेलिया के लिए 5 विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने क्रेग मैकडरमॉट का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 1987 में पाकिस्तान के खिलाफ 22 साल 204 दिन की उम्र में यह रिकॉर्ड बनाया था।

कॉनॉली की गेंदबाजी के जादू ने दक्षिण अफ्रीका को झकझोर कर रख दिया और अंततः 276 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे बड़ी हार का अंतर था। कॉनॉली ने 6 ओवरों में 22 रन देकर 5 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया ने सांत्वना जीत का जश्न मनाया।

पहली पारी में मार्श (100) और हेड (142) ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद मैके में तेज धूप खिली। सीरीज का रुख पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के पक्ष में था और इस विस्फोटक जोड़ी ने यह सुनिश्चित किया कि यह साझेदारी बरकरार रहे। सलामी जोड़ी ने 250 रनों की साझेदारी करके आंकड़ा बढ़ाया, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए इस प्रारूप में पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी थी। कैमरून ग्रीन भी इस टीम में शामिल हुए उन्होंने जी-जान से खेला और इस धमाकेदार पारी में अपना योगदान दिया।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए इस प्रारूप में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ने में मात्र 47 गेंदें लीं। एलेक्स कैरी ने अपनी बाउंड्री लगाने की क्षमता का प्रदर्शन किया और 37 गेंदों में 50* रनों की तेज़ पारी खेली। शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने शतक जड़े और 50 ओवर के प्रारूप में यह ऐसा दूसरा मौका था, इससे पहले 2015 में जोहान्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन किया था।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी विनाशकारी रणनीति अपनाई, मुल्डर आदर्श बल्लेबाज बनकर उभरे। मुल्डर, जिन्होंने पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ ब्रायन लारा के 400 रनों के यादगार शतक को न खेलने के अपने फैसले के लिए सुर्खियां बटोरीं, ने अपने सात ओवर के स्पेल में 13.30 की औसत से 93 रन लुटाए। मुल्डर की इकॉनमी उन खिलाड़ियों में दूसरी सबसे खराब है जिन्होंने वनडे में कम से कम छह ओवर फेंके हैं। वह आयरलैंड के केविन ओ%ब्रायन के 13.57 के औसत से पीछे हैं, जो उन्होंने 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हासिल किया था।

## राशिद की कप्तानी में एशिया कप में उतरेगी अफगानिस्तान टीम

काबुल (ईएमएस)। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अगले माह होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अपनी 17सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इसकी कप्तानी दिग्गज ऑलराउंडर राशिद खान को दी गयी है। टीम में कई युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही 3 खिलाड़ियों को रिजर्व के तौर पर रखा गया है। यूएई में स्पिनरों को मिलने वाली सहायता को देखते हुए टीम में कप्तान सहित छ स्पिनर रखे गये हैं। टीम में राशिद के अलावा मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद और शराफुद्दीन अशरफ का नाम शामिल है। इसके अलावा रिजर्व खिलाड़ियों में भी एक स्पिनर शामिल है। इस प्रकार देखा जाये तो टीम इस बार स्पिन गेंदबाजी के बल पर शीर्ष टीमों को टक्कर देना चाहती है।

**टीम इस प्रकार है–** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद अहमद मलिक, नवीन उल हक और फजलहक फारूकी

रिजर्व प्लेयर्स : वफीउल्लाह तारखिल, नांग्याल खरोटे और अब्दुल्ला अहमदजई

# बीसीसीआई उपाध्यक्ष बोले, रोहित और विराट अभी एकदिवसीय खेलेंगे, दोनो ही अभी पूरी तरह से फिट

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अभी एकदिवसीय क्रिकेट खेलते रहेंगे और इनके संन्यास की जो भी अटकलें लगायी जा रही हैं। वह पूरी तरह से गलत हैं। शुक्ला के इस बयान से कोहली और रोहित के संन्यास की अटकलों के भी समाप्त होने की संभावना है। कोहली और



रोहित ने टेस्ट और टी20 से पहले ही नाम वापस ले लिया था। अब इनका लक्ष्य आईसीसी विश्वकप 2027 खेलना है हालांकि ये दोनो चैम्पियंस ट्रॉफी से ही खेल से दूर हैं, ऐसे में इनके लिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। बोर्ड उपाध्यक्ष ने कहा कि रोहित और विराट दोनो ही फिट हैं और ऐसे में ये एकदिवसीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। वहीं प्रशंसक इसलिए परेशान हैं क्योंकि विश्वकप से पहले भारत को कुछ ही एकदिवसीय खेलने हैं। ऐसे में इन दोनो के लिए ही फिटनेस बनाए रखना कठिन होगा। रोहित और विराट के बारे में कोई कुछ भी कहे पर यह अंदाजा हो गया है कि ये अब अधिक समय तक नहीं खेलेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दौरा इनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय दौर हो सकता है। जिसको लेकर प्रशंसक निराश हैं। शुक्ला के बयान से हालांकि प्रशंसकों को कुछ उम्मीद बनी है। शुक्ला ने पूछा, 'इन दोनो ने अभी तक संन्यास नहीं लिया? इसलिए ये दोनो अभी भी एकदिवसीय खेलेंगे, ऐसे में विदाई की बात क्यों की जा रही है। साथ ही कहा कि बोर्ड अभी भी खिलाड़ियों को संन्यास के लिए नहीं कहता।' इस प्रकार के फैसले हम खिलाड़ियों पर ही छोड़ देते हैं।

# ऐश्वर्य ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**शिमकेंट (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। जूनियर पुरुष थ्रीपी स्पर्धा में एड्रियन कर्माकर ने फाइनल में 463.8 के एशियाई जूनियर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। तोमर ने 462.5 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया।

चीन के वेनयू झाओ ने 462 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि जापान के नाओया ओकाडा ने 445.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। तोमर ने इस स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतियोगिता के अधिकांश हिस्से में बढ़त बनाए रखी। इस 24 साल के निशानेबाज ने नीलिंग पोजीशन में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन इसे प्रोन पोजीशन में दोहरा नहीं सके। उन्होंने हालांकि स्टैंडिंग दौर में अच्छा प्रदर्शन किया और 1.5 से अधिक अंकों की बढ़त के साथ प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्रवेश करने के बाद विजेता बने।

इस स्पर्धा में अन्य भारतीय निशानेबाजों में चैन सिंह चौथे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले तोमर, चैन सिंह और श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था। तोमर क्वालिफिकेशन में कुल 584 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। तोमर का यह इसी स्पर्धा में दूसरा एशियाई खिताब था। उन्होंने 2023 में भी स्वर्ण पदक जीता था।

जकार्ता में 2024 सत्र में हालांकि उन्हें श्योराण से हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। अनुभवी चैन सिंह 582 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता श्योराण ने 581 अंकों के साथ सातवां क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। चीन के भी तीनों निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया, जबकि अन्य दो स्थान क्रमशः जापान और कोरिया को मिले।

भारत टीम स्वर्ण पदक से तीन अंक चूक गई। भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1747 था जो चीन के कुल स्कोर से तीन अंक कम था। इस बीच ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन दौर में प्रिसिशन चरण के बाद चौथे स्थान पर है। ईशा सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। मनु इस सप्ताह की शुरुआत में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीत चुकी है।

वेदांत वाघमारे जूनियर पुरुषों की 3पी स्पर्धा में 582 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि



एड्रियान 576 के स्कोर के साथ आठवां और आखिरी क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। सामी उल्लाह खान (575), रोहित कान्यान (575), गौरव देसले (569) और हितेश श्रीनिवासन (564) जैसे निशानेबाज क्वालीफाई नहीं कर पाए। वेदांत, एड्रियान और रोहित की तिकड़ी ने कुल 1733 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

# यूएस ओपन 2025 में खिताब बचाने को तैयार जानिक सिनर



नई दिल्ली। यूएस ओपन 2025 में एक बार फिर सबकी निगाहें इटली के टेनिस स्टार और मौजूदा चैंपियन जानिक सिनर पर टिकी हुई हैं। पिछले साल खिताब जीतने वाले सिनर इस बार लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे। लगातार दो साल तक यूएस ओपन जीतना बेहद मुश्किल काम माना जाता है, लेकिन सिनर इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बीमारी के कारण सिनसिनाटी ओपन का फाइनल बीच में छोड़ने वाले सिनर अब पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं और टूर्नामेंट के लिए न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। उन्होंने अपनी वापसी को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि यह सीजन का आखिरी ग्रैंड स्लैम है और यहां खेलना हमेशा खास होता है। उन्होंने बताया कि शारीरिक रूप से अब वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और लगभग पूरी तरह फिट हैं। उनका लक्ष्य टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अपनी फिटनेस को उच्च स्तर तक ले जाना है। सिनर से जब पूछा गया कि आखिर यूएस ओपन में खिताब बचाना इतना मुश्किल क्यों है, तो उन्होंने कहा कि यहां दिन और रात के मैचों का बड़ा फर्क पड़ता है। छोटी–छोटी बातें भी खेल के नतीजे को बदल देती हैं और यही कारण है कि यह टूर्नामेंट बेहद कठिन माना जाता है। इतिहास गवाह है कि केवल स्विट्जरलैंड के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ही ऐसे रहे हैं जिन्होंने लगातार पांच बार यानी 2004 से 2008 तक यूएस ओपन का खिताब जीता। इस बार भी सभी की नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि सिनर इस चुनौती को कैसे पार करते हैं। मौजूदा दौर में टेनिस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता जानिक सिनर और स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्काराज के बीच देखने को मिल रही है। पिछले सात ग्रैंड स्लैम खिताब इन दोनों खिलाड़ियों ने आपस में बांटे हैं। ऐसे में इस साल भी यूएस ओपन का फाइनल इन्हीं दोनों के बीच होने की संभावना जताई जा रही है। सिनर ने अल्काराज के साथ अपनी प्रतिस्पर्धा पर कहा कि यह खेल और खिलाड़ियों दोनों के लिए अच्छी है। कभी–कभी अभ्यास के दौरान जब थकान महसूस होती है तो आप अपने प्रतिद्वंद्वी से प्रेरणा लेते हैं और यह चीज असली मैच में काम आती है। उन्होंने यह भी माना कि इस समय बड़ी ट्रॉफियां वही और कार्लोस साझा कर रहे हैं लेकिन भविष्य में हालात बदल सकते हैं क्योंकि टेनिस में कई शानदार खिलाड़ी मौजूद हैं। सिनर का कहना है कि फाइनल तक पहुंचना हमेशा मुश्किल होता है और इसलिए खिलाड़ियों को लगातार सुधार करना पड़ता है। उनका मानना है कि अब बाकी खिलाड़ी उन्हें और अल्काराज को अच्छी तरह समझने लगे हैं और इसलिए चुनौती और बड़ी हो गई है। हालांकि सिनर आत्मविश्वास से भरे हैं और खिताब बचाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं।

# जब रिंकू को मिला था शाहरुख के साथ चार्टर फ्लाइट में बैठने का अवसर



लखनऊ। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने खुलासा किया है कि उन्हें एक बार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के हवाई यात्रा का अवसर मिला था। रिंकू का केकेआर के सह–मालिक शाहरुख ने इस यात्रा के लिए आमंत्रित किया था। तब वह पहली बार किसी चार्टर फ्लाइट में बैठे थे। रिंकू को तब टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। वह स्टैंडबाय सूची में थे। ऐसे में रिंकू को वीजा की औपचारिकताओं के लिए अचानक मुंबई जाना था और तब शाहरुख के साथ उन्हें जाने का अवसर मिला था। रिंकू शुरु में जाने से झिझक रहे थे पर बाद में उन्होंने शाहरुख का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। रिंकू ने कहा कि शाहरुख ने यात्रा के दौरान उनका बहुत हौसला भी बढ़ाया। रिंकू ने शाहरुख को लेकर कहा, वह बड़े दिल वाले इंसान हैं। वह हमेशा सभी से गले मिलते हैं। वह सबसे अच्छे से मिलते हैं, फिर चाहे सीनियर हो या जूनियर। मुझे लगता है कि यही बातें उन्हें एक अच्छा इंसान बनाती है। तब मेरा विश्वकप के लिए मुख्य दल में चयन नहीं हुआ था। मैं स्टैंडबाय में था। टीम चली गई थी थी। तभी मुझे वीजा के लिए जाना पड़ा। ऐसे में शाहरुख सहायता के लिए आगे आये।

# मीराबाई की वापसी, भारतीय भारोत्तोलकों की नजरें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पदक जुटाने पर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू एक साल के अंतराल के बाद सोमवार को प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी करेंगी और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में घरेलू चुनौती की अगुवाई करेंगी जिसमें भारतीय भारोत्तोलकों से पदकों की झड़ी लगाने की उम्मीद है।

हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक में खेली थीं जिसमें वह एक किलोग्राम से पोडियम स्थान से चूक गई थीं। इकतीस वर्षीय मीराबाई ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है।

वजन को नियंत्रित करना एक चुनौती होगी और चानू ने खुद इसे स्वीकार किया है। लेकिन इस दृढ़ निश्चयी मणिपुरी खिलाड़ी ने यह चुनौती स्वीकार कर ली है। मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर काम करते हुए वह अपनी तकनीक को भी निखार रही हैं ताकि स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचने की तैयारी में जुटी चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं झोंकेंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है।

उन्होंने कहा, 'मैं अहमदाबाद में पूरी ताकत नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं



बनाया है।' चानू भले ही मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं लेकिन भारत के दल के लगभग हर भार वर्ग में पोडियम पर पहुंचने की उम्मीद है।

राष्ट्रमंडल प्रतियोगिताएं (राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप) लंबे समय से भारतीय भारोत्तोलकों के लिए एक शानदार जगह रही हैं जिन्हें चीन और उत्तर कोरिया जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति का फायदा मिलता है। जब भारत ने पिछली बार 2023 में चैंपियनशिप की मेजबानी की थी तो घरेलू टीम ने 20 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। इस बार भी रजत विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह सहित कई राष्ट्रमंडल पदक विजेता भारत की पदक तालिका में इजाफा करना चाहेंगे।

## भारतीय टीम

महिला : मीराबाई चानू (48 किग्रा), स्नेहा सोरेन (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), सेराम निरुपमा देवी (63 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), हरमनप्रीत कौर (77 किग्रा), वंशिता वर्मा (86 किग्रा~), महक शर्मा (+86 किग्रा) पुरुष~ चनंबम ऋषिकांत सिंह (60 किग्रा); एम राजा (65 किग्रा); नारायण अजित (71 किग्रा), वल्लूरी अजय बाबू (79 किग्रा), अजय सिंह (88 किग्रा), दिलबाग सिंह (94 किग्रा), हरचरण सिंह (110 किग्रा), लवप्रीत सिंह (+110 किग्रा)।

## टीम चयन में मेरी भूमिका नहीं रही : पीसीब अध्यक्ष

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को एशिया कप के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाने का फैसला चयनसमिति का था और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं रही है। नकवी ने ये बात टीम चयन को लेकर उठे विवाद को लेकर कही है। कई लोगों ने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को टीम से बाहर रखे जाने पर सवाल उठाये थे। इसल को लेकर पीबीबी प्रमुख का बयान आया है। नकवी ने इस मामले की जिम्मेदारी चयनसमिति पर डाल दी है। नकवी ने कहा, 卐सबसे पहले मेरी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने या बाहर करने में मेरी एक फीसदी भूमिका नहीं है। हमारे पास एक चयन समिति और फिर एक सलाहकार इकाई है। वे सभी मिलकर टीम तय करते हैं। चयन की यह प्रक्रिया काफी चीजों से होकर गुजरती है। किसी भी बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम चुने जाने से पहले 8 से 10 घंटे की चर्चा होती है. कभी–कभी तो 2–3 दिनों तक भी ये चलता है।

# विदेश में खाद्य तेलों में मजबूती से आयातित तेल की कीमतों में सुधार

## सोयाबीन, पाम तेलों के भाव बढ़े, कमजोर मांग के चलते सरसों व बिनौला तेल के भाव फिसले



**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह खाद्य तेलों के घरेलू बाजार में मिश्रित रुख देखने को मिला। विदेशी बाजारों में कीमतों में मजबूती के असर से आयातित तेलों, विशेषकर सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के दाम में तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर सरसों और बिनौला तेलों के भाव में गिरावट देखी गई, जबकि मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बाजार सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेलों के भाव बढ़ने से घरेलू बाजार में भी सोयाबीन डीगम, पाम और पामोलीन के भाव में सुधार हुआ। सोयाबीन डीगम 150 रुपए की बढ़त के साथ 10,550 प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सीपीओ 11,850 और पामोलीन दिल्ली 13,450 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। हालांकि सरसों तेल-तिलहन पर उच्च कीमतों का असर पड़ा। थोक भाव ऊंचा होने के कारण उठाव कमजोर रहा। सरसों दाने 50 रुपए गिरकर 7,225-7,275 प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल 250 रुपए की गिरावट के साथ 15,750 प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके अलावा, कमजोर मांग के चलते बिनौला तेल के दाम 300 रुपए की गिरावट के साथ 13,000 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गए। मूंगफली तेल-तिलहन बाजार में सुस्ती के चलते स्थिर रहा। मूंगफली तिलहन 5,700-6,075, गुजरात मूंगफली तेल 13,500 रुपए प्रति क्विंटल पर टिका रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि अक्टूबर में नई फसलों की आवक (सोयाबीन, कपास, मूंगफली) और बढ़ा हुआ न्यूनतम समर्थन मूल्य बाजार पर असर डालेगा। पुराने स्टॉक की खपत पहले से ही धीमी है, जिससे आगे की रणनीति चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

# एसबीआई बैंक फ्रॉड केस में अनिल अंबानी ने सभी आरोपों से किया इनकार

### अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला 10 साल पुरानी घटनाओं से जुड़ा है

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन्स (आरकॉम) के दफ्तरों पर शनिवार को छापा मारा। यह कार्रवाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शिकायत पर की गई, जिसमें लगभग 2,929 करोड़ रुपए के लोन घोटाले का आरोप लगाया गया है। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला 10 साल पुरानी घटनाओं से जुड़ा है और एसबीआई के दावे को पहले ही न्यायालय में चुनौती दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अंबानी उस समय आरकॉम के गैर-कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। प्रवक्ता ने यह भी दावा किया कि एसबीआई ने अन्य निदेशकों पर से पहले ही कार्रवाई वापस ले ली थी, फिर भी अंबानी को अलग से निशाना बनाया गया। वर्तमान में, रिलायंस कम्युनिकेशन्स का प्रबंधन एसबीआई के नेतृत्व वाले क्रेडिटर्स की समिति और रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल की देखरेख में किया जा रहा है। यह मामला पिछले छह सालों से एनसीएलटी और उच्च न्यायालय सहित अन्य न्यायिक मंचों में विचाराधीन है। सीबीआई ने मुंबई स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेडऔर इसके निदेशक अनिल डी. अंबानी समेत कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अनिल अंबानी ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि वे कानून के अनुसार अपना बचाव करेंगे।

# हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में तेजी, अगस्त में ऑटो सेक्टर का बेहतर प्रदर्शन



### - शेयर की कीमतों में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली ।** दुनिया की प्रमुख टू-व्हीलर्स कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में हाल के दिनों में तेज तेजी देखने को मिली है। बीएसई पर शुक्रवार को यह स्टॉक 4997 रुपये के स्तर पर बंद हुआ, जबकि दिन में यह 5115.15 रुपये तक पहुंच गया था। अगस्त के महीने में यह ऑटो सेक्टर का सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला स्टॉक बना हुआ है।

पिछले 16 कारोबारी दिनों में कंपनी के शेयरों में करीब 17.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 19 अगस्त को यह स्टॉक नौ महीने के उच्चतम स्तर 5165 रुपये तक पहुंच गया था। नवंबर 2023 के बाद अगस्त महीना हीरो मोटोकॉर्प के लिए सबसे शानदार साबित हुआ है। हीरो मोटोकॉर्प की जून तिमाही रिपोर्ट ने निवेशकों को खुश किया है। कंपनी ने उम्मीद से बेहतर परिणाम देकर मजबूत संकेत दिए हैं। इसके अलावा, सरकार द्वारा जीएसटी रेट में कटौती की संभावना ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। अगर जीएसटी स्लैब को वर्तमान 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाता है, तो इसका सबसे बड़ा फायदा हीरो मोटोकॉर्प को होगा, जिससे कंपनी की लागत घटेगी और मुनाफा बढ़ेगा। कंपनी ने अपना खोया हुआ मार्केट शेयर वापस हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष की सालाना वृद्धि 30.90 प्रतिशत रही है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सेगमेंट में कंपनी का मार्केट शेयर भी डबल हो चुका है, जो कंपनी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि हीरो मोटोकॉर्प ने 4865 रुपये के मजबूत रेजिस्टेंस को तोड़ते हुए बुलिश सेटअप बनाया है। यदि यह तेजी जारी रही तो स्टॉक 5400 रुपये तक पहुंच सकता है, जिससे निवेशकों को अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। हीरो मोटोकॉर्प के स्टॉक की इस तेजी ने निवेशकों और बाजार विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया है और कंपनी के भविष्य को लेकर सकारात्मक उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

# एप्पल का गंभीर आरोपः ओप्पो और पूर्व कर्मचारी पर ट्रेड सीक्रेट चोरी का मुकदमा




### - हेल्थ तकनीक से जुड़ी गोपनीय जानकारी चुराने का आरोप, 63 दस्तावेज यूएसबी में ट्रांसफर किए गए

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी टेक कंपनी एप्पल इंक ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता ओप्पो और अपने पूर्व कर्मचारी चेन शी के खिलाफ ट्रेड सीक्रेट चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। एप्पल का आरोप है कि चेन शी ने कंपनी की हेल्थ-सेंसिंग तकनीक से जुड़ी गोपनीय जानकारी चुराई और उसे ओप्पो के साथ साझा किया।

चेन शी एप्पल वाच टीम में सेंसर सिस्टम आर्किटेक्ट थे और जून में कंपनी छोड़ने से पहले उन्होंने कई गोपनीय बैठकों में हिस्सा लिया। शिकायत के अनुसार, नौकरी छोड़ने से तीन दिन पहले उन्होंने रात में कंपनी के प्रोटेक्टेड फोल्डर से 63 महत्वपूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए और उन्हें यूएसबी ड्राइव में ट्रांसफर किया। एप्पल का कहना है कि चेन शी ने झूठा बहाना बनाया कि वे चीन लौटकर अपने माता-पिता की देखभाल करेंगे, लेकिन वास्तव में वे ओप्पो की हेल्थ डिवीजन से जुड़ने की योजना बना रहे थे। आरोप है कि उन्होंने ओप्पो के हेल्थ डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट को जानकारी साझा करने के इरादे से संपर्क भी किया। दूसरी ओर ओप्पो ने इन आरोपों से इनकार किया है। कंपनी का कहना है कि उसने एप्पल की किसी भी गोपनीय जानकारी का उल्लंघन नहीं किया और जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। ओप्पो ने यह भी कहा कि अभी तक ऐसा कुछ साबित नहीं हुआ है जिससे लगे कि चेन शी ने जानकारी का दुरुपयोग किया हो। एप्पल का मानना है कि इस तरह की घटनाएं उसके नवाचार और अरबों डॉलर के निवेश को नुकसान पहुंचा सकती हैं। कंपनी पहले भी इस तरह के मामलों में पूर्व कर्मचारियों और प्रतिस्पर्धियों पर कानूनी कार्रवाई कर चुकी है।

# संयुक्त खातों और एफडी में नाम जोड़ना पड़ सकता है भारी

### आयकर विभाग से मिल सकता है नोटिस

**नई दिल्ली।**

बैंक खातों और फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ना एक आम परंपरा है। लोग इसे सुविधा या भविष्य की प्लानिंग के तहत करते हैं। लेकिन टैक्स विशेषज्ञों के अनुसार, यह आदत अब परेशानी का कारण बन सकती है। आयकर विभाग से नोटिस आने की घटनाएं बढ़ रही हैं, खासकर उन लोगों को जिनकी खुद की कोई आय नहीं है। असल में इनकम टैक्स के नियमों के तहत बैंक, एनबीएफसी और म्यूचुअल फंड कंपनियों को बड़े लेन-देन की जानकारी सरकार को देनी होती है। उदाहरण के लिए, सेविंग अकाउंट में 10 लाख से ज्यादा जमा या निकासी, एफडी में 10 लाख रुपए से अधिक, और 2 लाख रुपए से ज्यादा के म्यूचुअल फंड निवेश की रिपोर्ट की जाती है। रिपोर्टिंग के दौरान सभी जॉइंट होल्डर्स का पीएएन नंबर दर्ज होता है, जिससे पूरी राशि हर होल्डर के एआईएस और टीआइएस में दिखाई देने लगती है। इससे टैक्स रिटर्न और आयकर विभाग के डेटा में अंतर आ जाता है और स्वतः नोटिस जारी हो सकता है। यह परेशानी गृहिणियों, रिटायर्ड लोगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ज्यादा गंभीर है। विशेषज्ञों की सलाह है कि आईटीआर भरने से पहले एआईएस की जांच करें और यदि लेन-देन आपकी आय से नहीं है तो उसे` कि` बिलांग टू अदर पेन के रूप में दर्ज करें। इसके अलावा बैंक स्टेटमेंट और गिफ्ट डीड जैसे दस्तावेज तैयार रखें ताकि जरूरत पड़ने पर विभाग को जवाब दिया जा सके। विशेषज्ञ मानते हैं कि रिपोर्टिंग आवश्यक है, लेकिन नियमों में बदलाव कर गैर-आय वाले जॉइंट होल्डर्स को राहत दी जानी चाहिए।

# यश बैंक में एसएमबीसी का बड़ा निवेश

### - आरबीआई ने दी 24.99 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी

**मुंबई ।**

प्राइवेट सेक्टर के यश बैंक में जापान के बड़े बैंक सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) का निवेश अब एक कदम और करीब पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसएमबीसी यश बैंक में 24.99 तक हिस्सेदारी खरीदने की सशर्त मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी हाल ही में जारी एक पत्र के माध्यम से दी गई है और एक साल तक वैध रहेगी। यश बैंक ने यह जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को देते हुए स्पष्ट किया कि इस निवेश के बावजूद एसएमबीसी को बैंक का प्रमोटर नहीं माना जाएगा। इससे पहले मई 2025 में एसएमबीसी ने यश बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव के तहत एसबीआई से 13.19 फीसदी और अन्य सात बैंकों जैसे एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा आदि से मिलाकर 6.81 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की योजना बनाई गई थी। आरबीआई ने इस सौदे के लिए कुछ शर्तें भी तय की हैं।



# महिंद्रा एंड महिंद्रा नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा

### - वर्ष 2027 तक ईवी उत्पादन लक्ष्य, इगतपुरी में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) देश और विदेश में बढ़ती मांग को देखते हुए एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि महिंद्रा वर्तमान में नई फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में है, ताकि भविष्य में उत्पादन क्षमता में विस्तार किया जा सके। कंपनी ने हाल ही में अपना नया मॉड्यूलर मल्टी-एनर्जी प्लेटफॉर्म 'एनयू आईक्यू' पेश किया है, जो इलेक्ट्रिक और अन्य ऊर्जा विकल्पों पर आधारित नई एसयूवी श्रृंखला को समर्थन देगा। इस प्लेटफॉर्म का पहला उत्पाद 2027 तक बाजार में आने की उम्मीद है। यह मंच भारत के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में अप्रयुक्त संभावनाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। महिंद्रा के वाहन प्रभाग के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के मुतो बिक कंपनी अपने मौजूदा चाकन संयंत्र की उत्पादन क्षमता को 2.4 लाख यूनिट तक बढ़ाने की योजना पर भी विचार कर रही है। लेकिन ईवी क्षेत्र में कंपनी का लक्ष्य 2027 तक 10 लाख यूनिट की वार्षिक उत्पादन क्षमता हासिल करना है, जिसके लिए अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यकता होगी। इस क्रम में महिंद्रा ने महाराष्ट्र सरकार को इगतपुरी में 350 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए रुचि पत्र भी सौंपा है। कंपनी के पास पहले से ही नासिक और इगतपुरी में संयंत्र हैं

# गिफ्ट निफ्टी- भारत बना वैश्विक शेयर बाजार का नया केंद्र

### - भारत को ग्लोबल फाइनेंशियल हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**नई दिल्ली ।** भारत ने वैश्विक निवेश के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। पहले सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज (एसजीएक्स) पर कारोबार करने वाला निफ्टी फ्यूचर्स अब भारत के गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में स्थानांतरित हो चुका है। इसका नया नाम है - गिफ्ट निफ्टी। एसजीएक्स निफटी उन विदेशी निवेशकों के लिए था जो भारतीय बाजार से जुड़े डेरिवेटिव्स में भाग लेना चाहते थे, लेकिन भारत में सीधे ट्रेड नहीं कर सकते थे। लेकिन अब यह पूरा कारोबार भारत में स्थित गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टी-सिटी) के इंटरनेशनल एक्सचेंजों पर होता है। यह सिटी भारत का पहला इंटरनेशनल फाइनेंशियल हब है, जहां विदेशी निवेशकों को टैक्स में रियायत और सुगम नियम दिए गए हैं। गिफ्ट निफ्टी के आने से विदेशी निवेशकों को भारत के समय अनुसार कारोबार करने का अवसर मिल रहा है। इससे न केवल बाजार की पारदर्शिता बढ़ती है, बल्कि लिक्विडिटी भी बेहतर होती है, जिससे भारतीय निवेशकों को भी लाभ होता है। रत के लिए यह एक रणनीतिक जीत है। पहले जो विदेशी मुद्रा सिंगापुर जाती थी, अब वह भारत में बनी रहती है। साथ ही, देश की छवि एक ग्लोबल फाइनेंशियल डेस्टिनेशन के रूप में मजबूत हो रही है। रल शब्दों में कहें तो गिफ्ट निफ्टी सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया बड़ा और निर्णायक कदम है। आने वाले समय में इसका लाभ न केवल निवेशकों को बल्कि पूरे देश को मिलेगा।

# एसयूवी ग्रैंड विटारा नए कलर ऑप्शंस में लॉन्च

नई दिल्ली । मारुति सुजुकी ने अपनी पॉपुलर एसयूवी ग्रैंड विटारा को नए कलर ऑप्शंस में पेश किया है। खास बात यह है कि स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इंजन वाली ग्रैंड विटारा एक बार फुल टैंक में 1200 किलोमीटर तक का माइलेज दे सकती है। कंपनी ने ग्रैंड विटारा के सिग्मा, डेल्टा और डेल्टा प्लस वैरिएंट्स में नए रंग जोड़े हैं। सिग्मा ट्रिम में अब नेक्सा ब्लू, ग्रैंड्योर ग्रे और पर्ल मिडनाइट ब्लैक तीन नए मोनोटोन कलर उपलब्ध होंगे। इससे पहले यह केवल आर्कटिक व्हाइट में आती थी। अब इस ट्रिम में कुल चार कलर मिलेंगे। वहीं, डेल्टा और डेल्टा प्लस वैरिएंट्स में पर्ल मिडनाइट ब्लैक शामिल किया गया है, जिससे इनकी कुल संख्या सात हो गई है। कीमतों की बात करें तो कंपनी ने नए कलर के बावजूद दाम नहीं बढ़ाए हैं। सिग्मा एमटी की कीमत 11.42 लाख रुपए, डेल्टा एमटी की 12.53 लाख रुपए और डेल्टा एटी की 13.93 लाख रुपए है। डेल्टा+ हाइब्रिड वैरिएंट की शुरुआती कीमत 16.99 लाख रुपए है। ये सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं।

# ई20 पेट्रोल से कारों की माइलेज में 2-5 फीसदी गिरावट संभव- विशेषज्ञ

### पुराने वाहनों में लंबे समय में ईंधन सिस्टम को हो सकता है नुकसान




**नई दिल्ली ।** वाहनों में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई20) मिश्रित पेट्रोल के उपयोग से माइलेज में 2 से 5 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। ऑटोमोबाइल उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि इथेनॉल का कैलोरी मान पेट्रोल की तुलना में कम होने के कारण यह असर देखने को मिल सकता है। हालांकि सरकार का कहना है कि ई20 ईंधन से दक्षता में भारी कमी नहीं आती। विशेषज्ञों के अनुसार ई20 के अनुरूप न होने वाले पुराने वाहनों में लंबे समय में गैसकेट, रबर होज और ईंधन पाइपलाइन जैसे हिस्सों में क्षरण हो सकता है। हालांकि यह प्रभाव तुरंत नहीं होता, लेकिन नियमित उपयोग के साथ धीरे-धीरे यह समस्याएं सामने आ सकती हैं। टाटा मोटर्स ने पुष्टि की है कि उसके वाहन ई20 के अनुकूल हैं। वहीं मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सरकार का उद्देश्य इथेनॉल सम्मिश्रण से न केवल प्रदूषण को कम करना है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि करना है। इथेनॉल गन्ना और मक्का जैसे कृषि उत्पादों से प्राप्त किया जाता है, जिससे देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। विशेषज्ञों का सुझाव है कि उपभोक्ता पुराने वाहनों में ई20 का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें और नियमित रूप से ईंधन सिस्टम की जांच कराएं। नए वाहन खरीदते समय यह सुनिश्चित करें कि वह ई20 के अनुकूल हो।

# फेडरल रिजर्व के फैसले, वै श्विक आंकडों से तय होगी बाजार की चाल

### - निवेशकों को दरों में नरमी की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**





अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती के संकेत से वैश्विक बाजारों में तेजी आई है, जिसका सकारात्मक प्रभाव घरेलू शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है। जैक्सन हॉल संगोष्ठी में फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की दिशा में प्रगति हो रही है, जिससे निवेशकों को दरों में नरमी की उम्मीद बंधी है। इसके चलते अमेरिकी बाजारों में जोरदार तेजी देखी गई, वहीं डॉलर सूचकांक में कमजोरी आई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय बाजार को भी इससे सहारा मिल सकता है। हालांकि, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क लगाने की 27 अगस्त की समयसीमा निवेशकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। विश्लेषकों के अनुसार इस मुद्दे पर स्पष्टता आने तक विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की भागीदारी सीमित रह सकती है। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार का रुख विदेशी निवेश, वैश्विक संकेतों और भारत, अमेरिका एवं चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि शुल्क की घोषणा और आर्थिक डेटा पर कड़ी नजर रखना जरूरी होगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 709 अंक और निफ्टी में 238 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि जीएसटी 2.0 जैसे सुधारों और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती से बाजार को समर्थन मिलता रहेगा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को बाजार बंद रहेगा।

# देश की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 1.72 लाख करोड़ बढ़ा

### - रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान पहले नंबर पर बरकरार

**नई दिल्ली ।**




पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट केप) में 1,72,148.89 करोड़ की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा, जिसने 48,107.94 करोड़ की वृद्धि के साथ अपने बाजार पूंजीकरण को 19,07,131.37 करोड़ तक पहुंचाया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

इसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर का भी बाजार मूल्यांकन 34,280.54 करोड़ बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ पर पहुंच गया। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को भी लाभ हुआ। जबकि अधिकांश कंपनियों के मूल्यांकन में सुधार देखने को मिला, वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इससे यह साफ होता है कि निवेशकों ने इन दोनों बैंकों के प्रति कुछ सतर्कता दिखाई है।

वर्तमान में शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची इस प्रकार है - रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस।

# 90 हजार रुपये में उपलब्ध है नई ग्लैमर एक्स 125 की ड्रम वेरिएंट

**नई दिल्ली ।**

भारत में हीरो मोटोकॉर्प ने 2025 मॉडल हीरो ग्लेमर एक्स 125 लॉन्च कर दी है। नई ग्लैमर एक्स 125 की कीमत ड्रम वेरिएंट के लिए 90,000 रुपये और डिस्क वेरिएंट के लिए 1 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। यह बाइक अब तक के अपने सेगमेंट की सबसे एडवांस पेशकश मानी जा रही है क्योंकि इसमें पहली बार क्रूज कंट्रोल फीचर दिया गया है। बाइक में क्रूज कंट्रोल के साथ राइड-बाय-वायर थ्रॉटल और तीन राइडिंग मोड इको, रोड और पावर दिए गए हैं। इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाला एडैप्टिव एलसीडी डिस्प्ले, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और फुल-एलईडी लाइटिंग जैसे फीचर्स भी शामिल हैं। डिजाइन पहले से ज्यादा स्पोर्टी और मॉडर्न है। नया एलईडी हेडलैंप, टेललाइट, शार्प टैंक डिजाइन और लंबी विंडस्क्रीन इसे प्रीमियम लुक देते हैं। सीट को अधिक आरामदायक बनाया गया है और अंडरसीट स्टोरेज भी बढ़ाया गया है। इंजन की बात करें तो इसमें 124.7 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन मिलता है, जो 11.5 हॉर्सपावर और 10.5 न्यूटन मीटर टॉर्क पैदा करता है। यह इंजन 5-स्पीड गियरबॉक्स से जुड़ा है और वही पावरट्रेन है जो एक्सट्रीम 125आर में भी मिलता है। कंपनी ने इसे पांच रंगों में उतारा है।

# जानती हूं ईमानदारी की कीमत चुकानी पड़ती है



श्रुति हासन इन दिनों कुली को लेकर चर्चा में हैं। रजनीकांत स्टारर में वह प्रीति राजशेखर के किरदार में हैं। एक्ट्रेस और म्यूजिशियन श्रुति उन कलाकारों में हैं, जिनकी खूबसूरती के सब मुरीद हैं। साउथ की फिल्मों में उनका खूब दबदबा है, हालांकि, बॉलीवुड में उनका करियर बहुत ऊंचाइयां नहीं छू सका। जब बात श्रुति की सुंदरता की आती है तो चर्चा प्लास्टिक सर्जरी की भी होने लगती है। वह ऐसी अदाकारा हैं, जिन्होंने खुलकर यह स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने रूप को निखारने के लिए सर्जरी की सहायता ली है। अब एक नए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने इस पर खुलकर बात की है। यह भी कहा है कि कैसे सोशल मीडिया पर लोग उन्हें प्लास्टिक सर्जरी की दुकान कहते हैं। बातचीत में श्रुति ने कहा, जब मैंने अपनी बात रखी, तो मुझे कई तरह के ताने मिले। ये भी सुनने को मिला कि ओह, ये तो प्लास्टिक सर्जरी की दुकान है, लेकिन मुझे पता है कि मैंने क्या है और कितना किया है। मुझे यह भी पता है कि दूसरों ने कितना करवाया है। मुझे लगता है कि ईमानदारी की यही कीमत चुकानी पड़ती है। ठीक है। मैं इसका कभी प्रचार भी नहीं करती। लेकिन यह मेरी पसंद है।

## असलियत बताने पर हमेशा उठती हैं उंगलियां

कमल हासन की बेटी श्रुति हासन ने इस बात पर जोर दिया प्लास्टिक सर्जरी का उनका फैसला बेहद निजी है और यह दूसरों को प्रभावित करने के लिए बिल्कुल नहीं हैं। वह आगे कहती हैं, मैं अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हूं, बाहरी फैसलों और बातें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। प्यार में, जिंदगी में, काम में, सच बोलने या किसी बात की असलियत बताने पर हमेशा आप पर उंगलियां उठेंगी।

## साउथ के सितारे बॉलीवुड वालों से अधिक विनम

इसी इंटरव्यू में श्रुति ने बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के सितारों की तुलना भी की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि साउथ के सितारे अधिक विनम्र होते हैं। रमैया वस्तावैया, लक और बहन होगी तेरी जैसी हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी श्रुति ने कहा, मेरे हिसाब से यह साउथ इंडियन चीज है। यहां बड़े-बड़े सितारे विनम्रता को लेकर बहुत सचेत रहते हैं। उन्हें लगता है कि यदि वह ऐसा नहीं करेंगे तो सरस्वती का आशीर्वाद उनके सिर से उठ जाएगा। यही कारण है कि सेट पर और निजी जीवन में भी ये सितारे सादगी पसंद करते हैं। चमक-दमक से दूर रहते हैं।



# बकैती में मां बन छाईं शीबा चड्ढा, बोलीं- चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने का इंतजार है

अभिनेत्री शीबा चड्ढा इन दिनों वेब सीरीज बकैती में सुषमा कटारिया के किरदार को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने अब तक के करियर में कई यादगार किरदार किए हैं, लेकिन अब वह ऐसे रोल करना चाहती हैं जो उन्हें एक कलाकार के तौर पर और चुनौती दे। सीरीज में शीबा का किरदार मां का है, जो पूरे परिवार को एकजुट रखती है। उनके अभिनय में हमेशा की तरह एक गहराई है, जो बिना ज्यादा दिखावे के अपना असर छोड़ जाती है। हालांकि शीबा को मां जैसे किरदारों में काफी सराहना भी मिली है, लेकिन वो अब कुछ नया और चुनौतीपूर्ण करना चाहती हैं। उनका कहना है, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे अच्छे सेट्स और अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिलता है, मेरे लिए ये एक आशीर्वाद की तरह है। लेकिन, मैं चाहती हूं कि अब मुझे अलग तरह की कहानियां और किरदार निभाने का मौका मिले, जो सिर्फ मां के किरदार तक सीमित नहीं हो, बल्कि और भी कुछ अलग और दमदार हो।

सीरीज की बात करें, तो इसमें जब नैना (तन्या शर्मा) को मजबूरी में अपने शरारती भाई भरत (आदित्य शुक्ला) के साथ कमरा शेयर करना पड़ता है, तो चीजें और उलझ जाती हैं। लेकिन, जब हालात एक बड़ा मोड़ लेते हैं और परिवार की शांति खतरे में पड़ जाती है, तब शीबा का किरदार भावनात्मक सहारा बनकर सामने आता है। इस सीरीज में अभिनेत्री कटारिया परिवार की मां की भूमिका निभा रही हैं। यह सीरीज पुराने गाजियाबाद की गलियों में बसे एक मिडिल क्लास परिवार की कहानी है, जिसमें दर्शकों को रोजमर्रा की छोटी-बड़ी परेशानियां, भाई-बहनों की नोकझोंक और प्यार भरे लम्हों को बेहद सच्चाई से दिखाया गया है। अमीत गुप्ता के निर्देशन में बनी इस सीरीज में राजेश तैलंग, तान्या शर्मा, और आदित्य शुक्ला मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, इसमें केशव साधना, रमेश राय, पूनम जांगड़ा, शाश्वत चतुर्वेदी, और परविंदर जीत सिंह जैसे कलाकार भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

# 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का हिस्सा होंगे बॉबी देओल




बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान नेटफ्लिक्स की सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। हालांकि, वे एक्टर नहीं बल्कि एक निर्देशक के रूप में इस सीरीज से डेब्यू करने जा रहे हैं। किंग खान के फैंस इसका इंतजार काफी दिनों से कर रहे थे। इस सीरीज में फेमस बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल भी हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद एक पोस्ट शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर दी है। इसे शेयर करते हुए बॉबी देओल ने लिखा, परदा गिरने का इंतजार कर रहे हो? ये शो परदा फाड़कर आ रहा है। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख के बेटे आर्यन खान ने इस सीरीज को लिखा है। इस शो में फिल्म इंडस्ट्री की चमक-दमक, ग्लैमर और गपशप को लोगों के सामने पेश किया जाएगा। कहा जा रहा है कि इसमें शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, करण जौहर और कई अन्य कलाकारों के भी कैमियो होंगे।

# महिला किरदारों में आए बदलाव पर बोलीं प्रिया बापट



3एक समय था जब फिल्मों में महिला किरदारों को सीमित दायरे में दिखाया जाता था, किसी की पत्नी, मां या प्रेमिका के किरदारों में। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। फिल्मों के साथ-साथ अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स भी महिला कलाकारों को दमदार भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। साथ ही उन्हें अपने अभिनय का असली हुनर दिखाने का मंच भी दे रहे हैं। इसी बदलाव की एक शानदार मिसाल हैं अभिनेत्री प्रिया बापट, जो अपने नए शो अंधेरा के जरिए एक बार फिर चर्चा में हैं। प्रिया का मानना है कि ओटीटी पर उन्हें वह आजादी और चुनौती मिली है, जिसकी एक कलाकार को हमेशा तलाश होती है। महिला किरदारों में आए बदलाव को लेकर भी उन्होंने अपनी राय रखी और कहा कि अब पर्दे पर सिर्फ ग्लैमर नहीं होता, महिला किरदारों में गहराई भी होती है। प्रिया ने कहा, ओटीटी एक ऐसी जगह है जहां आपको किरदार की गहराई को समझने और निभाने का पूरा मौका दिया जाता है। अंधेरा एक साइकोलॉजिकल-हॉरर थ्रिलर है, जिसमें प्रिया एक पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर कल्पना कदम की भूमिका में नजर आ रही हैं। ओटीटी को लेकर प्रिया का कहना है, ओटीटी पर महिलाओं के लिए अच्छे और मजबूत किरदार लिखे जा रहे हैं। अब सिर्फ ग्लैमर नहीं, किरदारों में गहराई भी होती है। अब महिलाओं को केंद्र में रखकर कहानियां बनाई जा रही हैं। यह एक ऐसा मंच है, जहां कलाकारों को कुछ नया करने की आजादी मिलती है और दर्शकों के सामने अलग-अलग कहानियों के विकल्प भी होते हैं।



# 'कुली' के बाद नागार्जुन ने किया अपनी 100वीं फिल्म का एलान

रजनीकांत की हालिया रिलीज फिल्म 'कुली' में सुपरस्टार नागार्जुन साइमन के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार को लेकर नागार्जुन को काफी तारीफें मिली हैं और लोगों को उनका कैरेक्टर काफी पसंद भी आया है। अब 'कुली' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही नागार्जुन ने अपनी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। ये उनकी 100वीं फिल्म भी होगी। जिसके बाद फैंस उन्हें नई भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं।

## तमिल निर्देशक कार्तिक करेंगे 100वीं फिल्म का निर्देशन

जगपति बाबू के होस्टिंग वाले जी5 के चैट शो जयम्मु निश्चयमु रा में बातचीत के दौरान नागार्जुन ने अपनी 100वीं फिल्म की घोषणा की और इसको लेकर जानकारी साझा की है। नागार्जुन ने बताया कि उनकी 100वीं फिल्म तमिल निर्देशक कार्तिक द्वारा निर्देशित होगी, जिसका टाइटल फिलहाल अभी के लिए किंग 100 है। बातचीत के दौरान नागार्जुन ने बताया कि मेरी अगली रिलीज किंग 100 होगी। इसकी तैयारी पिछले 6-7 महीनों से चल रही है। तमिल निर्देशक कार्तिक ने मुझे एक साल पहले इसकी स्क्रिप्ट सुनाई थी। यह एक शानदार फिल्म है और हम कुली के बाद अब इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। यह एक एक्शन से भरपूर फैमिली ड्रामा फिल्म है। नागार्जुन 'कुली' में एक विलेन के किरदार में हैं। जबकि इससे पिछले फिल्म 'कुबेर' में भी वो पहले विलेन के साथी होते हैं। हालांकि, बाद में उनका कैरेक्टर सुधर जाता है। अब अपनी 100वीं फिल्म को नागार्जुन ने कहा कि इस बार मैं फिल्म में हीरो हूं। वहीं अगर निर्देशक कार्तिक की बात करें तो वो इससे पहले अशोक सेलवन स्टारर निथम ओरु वनम का निर्देशन भी कर चुके हैं।

## 'कुली' में पसंद किया गया नागार्जुन का रोल

नागार्जुन की आखिरी रिलीज फिल्म 'कुली' है, जिसमें वो रजनीकांत, सौबेन शाहिर, उपेंद्र कुमार, आमिर खान और श्रुति हासन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस फिल्म में साइमन के नेगेटिव रोल में नजर आए नागार्जुन की स्टाइल और स्वैग को काफी पसंद किया गया है। हालांकि, 14 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म को क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

# हां, मैं एजेंडा वाली फिल्में बनाता हूं...



**फिल्म द बंगाल फाइल्स को लेकरफिल्म डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री इन दिनों फिर विवाद में हैं। इस मूवी का ट्रेलर आया तो बवाल मच गया। लॉन्च इवेंट के दिन ही कोलकाता के होटल में कुछ लोगों ने हंगामा किया। हाल ही में इस विवाद पर खुलकर बात की**

बीते दिनों कोलकाता में प्रशासन ने द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर लॉन्च पर रोक लगा दी। यह फिल्म साल 1946 में हुए कोलकाता दंगों पर आधारित है। फिल्म डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री के मुताबिक, उन्हें स्थानीय प्रशासन की ओर से यह भी नहीं बताया गया कि आखिर वह ट्रेलर लॉन्च क्यों रोक रहे हैं जबकि ट्रेलर को सेंसर बोर्ड की हरी झंडी मिली हुई है।

## मैं एक फिल्ममेकर हूं, देश का प्रधानमंत्री नहीं हूं

अपनी टीम के साथ दिल्ली आए विवेक अग्निहोत्री से जब पूछा गया कि वह द कश्मीर फाइल्स, द बंगाल फाइल्स बना चुके हैं। तो क्या वह आने वाले दिनों में गुजरात, मुजफ्फरनगर और मेरठ दंगों पर भी फिल्म बनाएंगे? इस सवाल के जवाब में विवेक ने तल्ख अंदाज में कहा, मैं उनका शुक्रगुजार हूं जो मुझसे ये उम्मीद करते हैं कि मैं इन पर भी फिल्में बनाऊं। मैं एक फिल्ममेकर हूं, देश का प्रधानमंत्री नहीं हूं। मैं इसका शुक्रगुजार हूं कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री में 200 से 300 फिल्म डायरेक्टर्स हैं और आपने सोचा कि मैं ही इतना काबिल हूं कि पूरे भारत में जो कुछ दंगे फसाद होते हैं, उन पर मैं फिल्में बना सकता हूं। हालांकि उन्होंने ये साफ नहीं किया कि वह इन विषयों पर फिल्म बनाएंगे या नहीं।

## मैं हिंदू सिविलाइजेशन पर फिल्में बनाता हूं

क्या विवेक अग्निहोत्री एक खास मकसद से फिल्म बनाते हैं? डायरेक्टर ने कहा, जी हां, मेरा ये मकसद है और मैं ये खुलेआम कहता हूं कि मेरा एक एजेंडा है और मैंने ये बात कभी छुपाई भी नहीं है। मैं बतौर फिल्ममेकर भारत की वह कहानियां, जिनमें सच को दबाया गया, जैसे लोगों को ताशकंद फाइल्स या कश्मीर फाइल्स में हमने बताया। हमने दोनों ही फिल्म में क्या सही है, क्या गलत है, ये नहीं कहा। लेकिन मेरा मकसद साफ है कि मैं हिंदू सिविलाइजेशन पर फिल्में बनाता हूं, इसलिए हिंदुओं का जो इतिहास है, मैं उसपर फिल्म बनाता हूं। मैं खुद को इस काबिल नहीं समझता हूं कि इस्लामिक या क्रिश्चियन इतिहास पर फिल्म बनाऊं।

## कला का काम है सकारात्मकता दिखाए

जब उनसे पूछा गया कि आपने द कश्मीर फाइल्स बनाई और अब द बंगाल फाइल्स। क्या आपको लगता है कि ये नैरेटिव वॉर का हिस्सा है और आर्ट के जरिए लोगों की सोच को बदला जा रहा है। तो उन्होंने कहा, कला का काम होता है कि जो हमारा समाज, राजनीति और संस्कृति है, उसको दर्शाए और एक सकारात्मकता दिखाए जो आमतौर पर कोई दिखा नहीं सकता है। आज हम जो दिखा रहे हैं, उसके बारे कितने ही लोगों को पता है। मैं कोलकाता में था, तो मैंने वहां लोगों से पूछा कि जो भारत का विभाजन हुआ, उसकी रणभूमि कौन सी थी, लोग कहते हैं पंजाब क्योंकि उन्होंने गदर फिल्म में देखा था। मगर हमारी फिल्म के बाद लोग डायरेक्ट एक्शन के बारे में बात कर रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in